दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली मंगलवार 12 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 139 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# 'वेस्ट एशिया युद्ध के प्रभाव से देश को बचाना है', वडोदरा रैली में बोले मोदी

**'पेट्रोल-डीजल का संयम से इस्तेमाल जरूरी...'**

**'वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दी जाए'**

**'जहां तक संभव हो तेल का प्रयोग कम करें'**

**'खाने के तेल का इस्तेमाल कम से कम करें'**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में सरदारधाम छात्रावास का उद्घाटन के मौके पर देश से 24 घंटे के भीतर दूसरी बार वैश्विक संकट का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया लगातार अस्थिर परिस्थितियों से गुजर रही है। पहले कोरोना का संकट, फिर वैश्विक आर्थिक चुनौतियां, और अब पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव। इन सारी परिस्थितियों का असर लगातार पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है।

**पीएम मोदी की देश के नागरिकों से अपील :** पीएम मोदी ने कहा कि मेरी देश के हर नागरिक से अपील है कि जहां तक संभव हो, पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें। मेट्रो का उपयोग करें, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल करें, कार पुलिंग को बढ़ावा दें। जिनके पास कार है, वो एक गाड़ी में ज्यादा लोगों को साथ लेकर चलें।

डिजिटल टेक्नोलॉजी ने अब इतना कुछ आसान बना दिया है कि टेक्नोलॉजी की मदद भी हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी।

ये जरूरी है कि सरकारी और प्राइवेट दोनों ही दफ्तरों में वर्चुअल मिटिंग्स और वर्क फ्रॉम होम की प्राथमिकता दी जाए।

**पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां दशक के बड़े संकटों में से एक- पीएम मोदी :** उन्होंने कहा कि अगर कोरोना महामारी इस सदी का सबसे बड़ा संकट थी, तो पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां, इस दशक के बड़े संकटों में से एक है। जब हमने मिलकर कोरोना का मुकाबला कर लिया तो इस संकट से भी अवश्य पार पा जाएंगे। सरकार भी लगातार ये प्रयास कर रही है, कि देश के लोगों पर इसका कम से कम असर हो।

# हाई-प्रोफाइल कैशवैन डकैती का सनसनीखेज खुलासा 25 हजार के इनामी समेत दो गिरफ्तार

## छह माह की रेकी के बाद कुल्हाड़ी से तोड़ा था लॉकर, पुलिस ने 8 लाख कैश व बलेनो कार की बरामद

- घटना में कुल 6 लोग शामिल थे
- डकैती के बाद डासना मसूरी स्थित एक घर में पैसों का हुआ था बंटवारा
- पुलिस अब अभियुक्तों के पुराने आपराधिक इतिहास की खंगाल रही है कुंडली




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की स्वाट टीम (अपराध शाखा) और थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एनएच-9 पर हुई 'इंडिया वन' एटीएम कैशवैन डकैती का पदार्फाश करते हुए दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से लूटे गए 8 लाख 6 हजार, वारदात में इस्तेमाल की गई बलेनो कार और कुल्हाड़ी बरामद की गई है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे पिछले 6 महीनों से कैशवैन की रेकी कर रहे थे। 6 मई 2026 को जब वैन का गनमैन और कैशियर एटीएम में पैसे डालने अंदर गए, तभी बदमाशों ने अकेले ड्राइवर पर फायरिंग कर दी। ड्राइवर को धक्का देकर बदमाश वैन लेकर फरार हो गए। रास्ते में पीछा कर रही अपनी बलेनो कार में कैश शिफ्ट किया और पहचान छिपाने के लिए कुल्हाड़ी से वैन के सीसीटीवी व लॉकर तोड़ डाले।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

**करंट क्राइम। मोहम्मद कैफ (उम्र 23 वर्ष) :** निवासी प्रताप विहार, गाज़ियाबाद। पुलिस ने इसे चिपयाना अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। यह 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी है। **मोहम्मद रिजवान (उम्र 20 वर्ष) :** निवासी विजयनगर, गाज़ियाबाद। इसने घटना की रेकी और षडयंत्र में मुख्य भूमिका निभाई थी।

### बरामदगी एक नजर में

**नगदी :** 8,06,000 (लूटी गई राशि का हिस्सा)।
**वाहन :** सिल्वर रंग की बलेनो कार (नंबर UP16CC 1817)।
**हथियार :** एक अवैध तमंचा, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी।

### पुलिस टीम को 50 हजार का पुरस्कार

**करंट क्राइम।** इस बड़ी डकैती का महज 5 दिनों के भीतर सफल अनावरण करने वाली संयुक्त पुलिस टीम के लिए अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) ने 50 हजार के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस अब इस गिरोह के मास्टरमाइंड जुबैर और अन्य फरार साथियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा ने 15वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**गाजियाबाद।** चीनू ठाकुर द्वारा गर्ल्स कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ती थी। एसीपी ने बताया कि शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। चीनू मोबाइल भी नहीं चलाती थी। फोरेंसिक टीम ने भी मौके की जांच पड़ताल की है। यूपी के गाजियाबाद स्थित विजयनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार स्थित एसजी शिखर सोसायटी की 15वीं मंजिल 15 वर्षीय किशोरी ने छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल किशोरी को एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। किशोरी के पास कोई मोबाइल या सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब सवा दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि एसजी शिखर हाईट से कूदकर किशोरी घायल हो गई है। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किशोरी की पहचान चीनू (15) पुत्री संजीव कुमार के रूप में हुई। संजीव कुमार ने बताया कि वह एसजी शिखर हाईट सोसायटी में फ्लैट संख्या ए-2, 1502 में बेटी, बेटा और पत्नी के साथ रहते हैं।

# विश्व संकट के बीच पीएम की सलाह को राजनीति में भी उतारने की जरूरत : अशु वर्मा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और संभावित आर्थिक-सामरिक चुनौतियों के दौर में प्रधानमंत्री की अपील केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों को राष्ट्रहित में जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब देश संसाधनों की बचत, अनुशासन और सजगता की बात कर रहा हो, तब राजनीति में भी सादगी दिखाई देनी चाहिए। बड़े-बड़े रोड शो, मंत्रियों के लंबे काफिले, राजनीतिक रैलियां और अत्यधिक खर्च वाले सार्वजनिक आयोजन फिलहाल सीमित किए जाने चाहिए। इससे प्रशासनिक संसाधनों पर दबाव कम होगा और जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

अशु वर्मा ने कहा कि आज तकनीक के दौर में अधिकांश शिलान्यास, उद्घाटन और सरकारी मीटिंग ऑनलाइन माध्यम से भी की जा सकती हैं। इससे समय और सरकारी धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि देशहित में नेताओं को भी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। पूर्व मेयर ने यह भी कहा कि पेट्रोल और सरकारी संसाधनों की बचत के लिए सरकारी विमानों और वाहनों का उपयोग केवल आवश्यक परिस्थितियों तक सीमित होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब आम जनता से संयम और सहयोग की अपेक्षा की जाती है, तब राजनीतिक वर्ग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। अशु वर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित के विषयों पर राजनीति से ऊपर उठकर सोचने का समय है और देश के हर जिम्मेदार व्यक्ति को इस दिशा में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# राजनीतिक हताशा में मर्यादा भूले सपाई सांसद, पीएम पर टिप्पणी से आहत हुई देश की जनता : संजीव शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा ने महोबा से समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक और अशोभनीय टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हताशा में कुछ लोग लोकतांत्रिक मयार्दाओं और सार्वजनिक जीवन की शालीनता तक भूलते जा रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

संजीव शर्मा ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान नहीं, बल्कि 145 करोड़ देशवासियों की भावनाओं, जनादेश और लोकतांत्रिक विश्वास का भी अपमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व स्तर पर भारत की मजबूत पहचान और नेतृत्व का प्रतीक बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद और राजनीतिक विरोध स्वाभाविक हैं, लेकिन भाषा की गरिमा और सम्मान की सीमा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी होती है। राजनीतिक विरोध के नाम पर अशोभनीय बयानबाजी स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

संजीव शर्मा ने कहा कि देश की जागरूक जनता ऐसे अमर्यादित राजनीतिक आचरण को गंभीरता से देख रही है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब भी देगी।

# पीएम नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी 145 करोड़ देशवासियों का अपमान : नीरज सिंह




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता एवं यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक सांसद द्वारा की गई अमर्यादित एवं असंसदीय टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। नीरज सिंह ने कहा कि यह केवल किसी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी नहीं है, बल्कि 145 करोड़ देशवासियों की भावनाओं, लोकतांत्रिक जनादेश और भारत की गरिमा का अपमान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में शालीनता, मयार्दा और सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग राजनीतिक हताशा में भाषा की सभी सीमाएं लांघ रहे हैं। इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वस्थ राजनीतिक परंपराओं के खिलाफ है। नीरज सिंह ने कहा कि देश की जागरूक जनता ऐसे कुसंस्कारित और अमर्यादित आचरण का लोकतांत्रिक तरीके से समय आने

# सेवा के बदले मेवा नहीं, राजनीति का असली धर्म है निस्वार्थ जनसेवा : बालेश्वर त्यागी





**शास्त्री जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति जनता की सेवा के संकल्प के साथ आता है। अगर वह राजनीति में धन अर्जित करता है तो उसकी सेवा भी खाक की है।**

### पांच प्रमुख बातें

**1 आचार्य विष्णुकांत शास्त्री विद्वता और राजनीति का अद्भुत संगम थे**
वे बंगाल भाजपा के बड़े नेता होने के साथ हिंदी और संस्कृत के प्रतिष्ठित विद्वान, कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल भी रहे।

**2 मदर टेरेसा के सम्मान समारोह में दिया गया उनका वक्तव्य देशभर में चर्चित हुआ**
शास्त्री जी ने कहा था कि मानवता की सेवा स्वागत योग्य है, लेकिन यदि सेवा का उद्देश्य धर्म परिवर्तन हो तो उसका महत्व समाप्त हो जाता है।

**3 निस्वार्थ सेवा को ही वे वास्तविक सेवा मानते थे**
उनका स्पष्ट मत था कि सेवा किसी लाभ, प्रतिफल या मेवा की इच्छा से नहीं होनी चाहिए। बिना स्वार्थ और बिना प्रतिकर की भावना से किया गया कार्य ही सच्ची सेवा है।

**4 सेवा के नाम पर लाभ कमाने की मानसिकता पर उन्होंने सवाल उठाए**
शास्त्री जी सेवा के बदले मेवा की सोच के कट्टर विरोधी थे। उनका मानना था कि लाभ के लिए की गई सेवा वास्तव में सौदेबाजी बन जाती है।

**5 लेख का निष्कर्ष राजनीति की शुचिता पर केंद्रित है**
राजनीति में यदि कोई व्यक्ति धन के बदले पद, टिकट या निजी लाभ अर्जित करता है, तो उसकी तथाकथित जनसेवा भी निरर्थक है। राजनीति का उद्देश्य केवल निस्वार्थ जनहित होना चाहिए।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आचार्य विष्णुकांत शास्त्री बंगाल भाजपा के बड़े नेता थे। हिंदी और संस्कृत के विद्वान थे। कोलकाता विश्व विद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर थे। कोलकाता के भद्रलोक में उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। भाजपा नेता के साथ साथ, उनकी विद्वत्ता के कारण उन्हें अनेक सरकारी और गैर सरकारी कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता था। वैसे वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे और उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल भी रहे। एक बार हमारे अनुरोध पर वे महर्षि दयानंद विद्यापीठ में भी पधारे थे।

जब मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मान के बाद कोलकाता में उनके स्वागत में एक नागरिक अभिनंदन का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में विष्णुकांत शास्त्री जी को भी आमंत्रित किया गया था। शास्त्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं मदर टेरेसा के द्वारा की गई मानवता की सेवा के लिए उनका स्वागत करता हूं। उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। लेकिन अगर ये सेवा धर्म परिवर्तन के लिए है तो ये खाक की है।

देशभर में शास्त्री जी के इस कथन की चर्चा हुई थी। वैसे भी वे अपने संबोधन में सेवा के बदले मेवा मिलने के विचार के बड़े विरोधी थे। अगर कोई सेवा मेवा के लिए है तो वह सेवा नहीं है। वह श्रम के बदले अनाज योजना जैसा कुछ उपक्रम है। सेवा का भाव ही, निस्वार्थ है। बिना किसी इच्छा, बिना किसी चाहत, बिना किसी प्रतिकर के की गई सेवा ही सेवा कहलाती है।

शास्त्री जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति जनता की सेवा के संकल्प के साथ आता है। वह व्यक्ति कितने भी बड़े पद पर क्यों न हो, अगर वह राजनीति में धन के बदले पद देता है, या धन के बदले टिकट देता है या राजनीति से धन अर्जित करता है तो उसकी सेवा भी खाक की है।

# जब अपनी कार को छोड़कर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने की रोडवेज बस में सवारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से ये अपील की कि वो फ्यूल बचाएं। उनका कहने का ये अर्थ है कि फ्यूल को फिजूल ना खर्च करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने पूरी तरह आत्मसात किया। वो रोडवेज की बस में सवारी करते दिखाई दिये, उनका वीडियो सामने आया। हैरानी की बात थी कि गर्मी के इस मौसम में उन्होंने एसी कार का आराम त्यागा और वो रोडवेज बस में सवार हुए। कार छोड़कर रोडवेज की बस में मानसिंह गोस्वामी दिखाई दिये। ये एक जिम्मेदारी का भाव है, ये एक भागीदारी का भाव है और प्रधानमंत्री की अपील के साथ साझेदारी का भी भाव है। मानसिंह गोस्वामी ने इसकी शुरूआत की। रोडवेज बस की सवारी करते मानसिंह गोस्वामी का वीडियो सामने आया। उन्होंने ये संदेश दिया कि लग्जरी कार को छोड़कर हम पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चल सकते हैं।

खास बात ये रही कि मानसिंह गोस्वामी जिस रोडवेज बस में सवार हैं वो लखनऊ से कानपुर वाली रूट की है। भाजपा में ये एक संदेश है कि और मानसिंह गोस्वामी कह भी रहे हैं कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेशों का पालन करेंगे। मानसिंह गोस्वामी का ये अंदाज सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है।



# श्रृंगेरी सीट पर दोबारा मतगणना पर रोक, बीजेपी नेता की विधायकी गई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक की श्रृंगेरी सीट पर हुई वोटों की दोबारा गिनती पर रोक लगा दी है। इस फैसले के बाद विधायक बने भाजपा नेता डीएन जीवराज को हटाकर कांग्रेस के टीडी राज गौड़ा को फिर से विधायक मान लिया गया है। कोर्ट ने पाया कि चुनाव अधिकारी ने गलत तरीके से पहले से मान्य पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती की। अगली सुनवाई 21 मई को होगी।

कर्नाटक के श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र के चुनावी नतीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बहुत ही बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने इस सीट पर हाल ही में हुई वोटों की दोबारा गिनती (रीकाउंटिंग) के नतीजों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस फैसले के बाद भाजपा के नेता डीएन जीवराज को बड़ा झटका लगा है, जिन्होंने दोबारा गिनती के बाद हाल ही में विधायक पद की शपथ ली थी। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त आदेश के बाद कांग्रेस के नेता टीडी राज गौड़ा को एक बार फिर से इस सीट का असली विधायक मान लिया गया है। अदालत ने साफ कर दिया है कि दोबारा गिनती से पहले जो स्थिति थी, उसे ही फिर से बहाल किया जाए। यह खबर कर्नाटक की राजनीति में एक बड़ा बदलाव लेकर आई है और इससे पूरी चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।





दरअसल, यह पूरा विवाद श्रृंगेरी विधानसभा सीट पर साल 2023 में हुए चुनाव से जुड़ा है। चुनाव में पहले कांग्रेस के टीडी राज गौड़ा को जीत मिली थी, लेकिन भाजपा के उम्मीदवार डीएन जीवराज ने इस नतीजे को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। करीब तीन साल तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अप्रैल 2026 में हाईकोर्ट ने पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्रों) की दोबारा गिनती करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद 2 मई 2026 को वोटों की गिनती हुई, जिसमें टीडी राज गौड़ा के पक्ष में पड़े कई वोटों को अमान्य (रद्द) कर दिया गया। इसी पूरी प्रक्रिया और चुनाव अधिकारी के काम के खिलाफ कांग्रेस नेता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें अब बड़ी राहत मिली है।

**टीडी राज गौड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में क्या दलील दी?**

सुप्रीम कोर्ट में अपनी अपील दायर करते हुए कांग्रेस नेता टीडी राज गौड़ा ने चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) की पूरी प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने अदालत को बताया कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने केवल उन 279 पोस्टल बैलेट को दोबारा जांचने का आदेश दिया था, जिन्हें पहले खारिज कर दिया गया था। लेकिन, चुनाव अधिकारी ने अपनी हद पार करते हुए उन 562 पोस्टल बैलेट की भी दोबारा गिनती कर दी, जो पूरी तरह से वैध (सही) थे और जो राज गौड़ा के पक्ष में पड़े थे। अधिकारी ने राज गौड़ा के 562 वैध वोटों में से 248 वोट घटा दिए और भाजपा के जीवराज के पहले से मिले 689 वोटों में 2 वोट और जोड़ दिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसी हेराफेरी के आधार पर भाजपा नेता को जीता हुआ घोषित कर दिया गया, जो कि पूरी तरह से अवैध था।

### भाजपा नेता के वकील की दलील पर कोर्ट ने क्या कहा

सुनवाई के दौरान भाजपा नेता डीएन जीवराज के वरिष्ठ वकील वी गिरी ने सुप्रीम कोर्ट के इस रोक वाले आदेश का कड़ा विरोध किया। लेकिन, बेंच उनकी किसी भी दलील से सहमत नहीं हुई। जस्टिस संजय कुमार ने सख्त लहजे में टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ इसलिए पुरानी स्थिति को नहीं बदला जा सकता क्योंकि दोबारा गिनती के बाद आगे के कदम (शपथ ग्रहण आदि) उठा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो गलत हुआ है, उसे पलटना ही होगा। जज ने यह भी कहा कि जब पूरी प्रक्रिया के साथ ही खिलवाड़ किया गया है, तो अदालत कुछ नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस पूरे मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 मई की तारीख तय की है।

### भाजपा नेता डीएन जीवराज पर क्या गंभीर आरोप लगे

इस चुनावी विवाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अलावा भाजपा नेता डीएन जीवराज की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की दोबारा गिनती के दौरान बैलेट बॉक्स (मतपेटी) के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में जीवराज के खिलाफ एक एफआईआर (ऋप्फ) भी दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव के नतीजों को अपने पक्ष में करने के लिए मतपेटियों के साथ गड़बड़ी की है। यह पूरा मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर है, जबकि भाजपा को कानूनी और राजनीतिक दोनों मोर्चों पर भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

# सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा- वह भारतीय राजनीति के सबसे 'रिजेक्टेड माल'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'सबसे रिजेक्टेड माल' करार दिया। फडणवीस की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान पर आई है, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी ने सोना खरीदने और विदेश घूमने की योजनाएं टालने की अपील की थी।

मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ₹राहुल गांधी भारतीय राजनीति के सबसे 'रिजेक्टेड माल' हैं। हर जगह से रिजेक्ट हुए, हर राज्य में रिजेक्ट हुए। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है और लगातार उन्हें आशीर्वाद दे रहा है।

**पीएम मोदी की अपील पर कही ये अहम बात:** दरअसल, यह बयान उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देशवासियों से ईंधन की बचत, विदेशी यात्राएं कम करने, और गैर-जरूरी सोने की खरीद टालने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा इस्तेमाल करने, वर्क फ्रॉम होम अपनाने, और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की भी बात कही थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा बचाना बेहद जरूरी है।

# नीट अब नीलामी है, 10 साल में 89 पेपर लीक, राहुल का मोदी सरकार पर निशाना



**नई दिल्ली।** नीट 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा अब परीक्षा नहीं, बल्कि नीलामी बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा से करीब 42 घंटे पहले सवाल व्हाट्सएप पर बेचे जा रहे थे, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, नीट 2026 के पेपर लीक की खबर सुनी। परीक्षा नहीं - नीट अब नीलामी है। कई सवाल परीक्षा से 42 घंटे पहले व्हाट्सएप पर बिक रहे थे। 22 लाख से ज्यादा बच्चे साल भर रात-रात भर आँखें जलाकर पढ़ते रहे और एक रात में उनका भविष्य बाजार में सरेआम नीलाम हो गया। यह पहली बार नहीं है। 10 साल में 89 पेपर लीक - 48 बार दोबारा परीक्षा। हर बार वही वादे, और फिर वही खामोशी।

प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, जब आप अपनी हर नाकामी का बिल जनता पर डालते हैं, तो गरीब के बच्चों का भविष्य भी उसी बिल में आता है। 22 लाख बच्चों का भरोसा टूटा है। और मोदी सरकार से बड़ा खतरा भारत के युवाओं के सपनों के लिए कोई नहीं। मैं भारत के युवा के साथ हूँ। यह वक़्त बेहद मुश्किल है - मैं जानता हूँ। लेकिन यह व्यवस्था ऐसे नहीं रहेगी। हम मिलकर इसे बदलेंगे।

# परमाणु संयंत्रों के आसपास घटेगा बफर जोनः सरकार बदलने जा रही नियम

**नई दिल्ली।** भारत सरकार परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के आसपास बनाए जाने वाले एक्सक्लूजन जोन (बफर क्षेत्र) का दायरा घटाने की तैयारी कर रही है। इस कदम का मकसद नए रिएक्टरों के विस्तार के लिए अधिक जमीन उपलब्ध कराना और निजी निवेश को आकर्षित करना है। हालांकि, सरकार के इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों और स्थानीय लोगों की ओर से विरोध की आशंका भी जताई जा रही है।

मामले से जुड़े तीन अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल भारत में सभी परमाणु रिएक्टरों के आसपास कम से कम 1 किलोमीटर का बफर जोन रखा जाता है, जहां किसी भी तरह की आबादी या आर्थिक गतिविधि की अनुमति नहीं होती। भारत सरकार छोटे रिएक्टरों के लिए 500 मीटर का परमाणु बफर जोन, वहीं बड़े परमाणु रिएक्टरों के लिए 700 मीटर का बफर जोन बनाने जा रही है।

यह व्यवस्था रेडिएशन से जुड़े संभावित खतरों को दूर रखने के उद्देश्य से बनाई गई थी। सूत्रों का कहना है कि सरकार अब इस दायरे को कम करने पर विचार कर रही है, ताकि परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण आसान हो सके और भविष्य में रिएक्टर क्षमता बढ़ाने की योजनाओं को गति मिल सके।

# 21 प्रांतों की मुहर के साथ फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. रामगोपाल राजा

## वाल्मीकि समाज ने केंद्र सरकार के सामने रखीं बड़ी मांगें








**पालमपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा भारत के 19वें राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से पहुंचे प्रतिनिधियों ने वाल्मीकि समाज की राजनीतिक भागीदारी, शिक्षा, रोजगार और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता दिखाई। दो दिवसीय अधिवेशन में 22 प्रांतों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जबकि 21 प्रांतों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से डॉ. रामगोपाल राजा को तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अपनी मुहर लगाई। अधिवेशन के दूसरे दिन राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन हरदीप सिंह गिल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने साफ कहा कि अब वाल्मीकि समाज केवल सामाजिक सम्मान ही नहीं बल्कि व्यवस्था और सत्ता में भागीदारी भी चाहता है। अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। प्रतिनिधियों ने मांग उठाई कि पूरे देश में वाल्मीकि समाज के लिए एक समान ह्वाल्मीकि जाति प्रमाण पत्रह्व लागू किया जाए, ताकि अलग-अलग राज्यों में समाज को पहचान संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

देशभर में सफाई कर्मचारियों की स्थिति पर चिंता जताते हुए ठेका सफाई व्यवस्था को समाप्त कर स्थायी नियुक्तियां सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठी। साथ ही राज्यसभा, विधान परिषद और विभिन्न आयोगों में सफाई कर्मचारी समाज के प्रतिनिधियों को जगह देने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। अधिवेशन में यह आवाज भी बुलंद हुई कि राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के सफाई कर्मचारी आयोगों को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज को केवल आश्वासन नहीं बल्कि नीति निर्माण में सीधी भागीदारी चाहिए।

राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर भी अधिवेशन में बड़ा संदेश दिया गया। प्रस्ताव रखा गया कि देश के कम से कम दो राज्यों में वाल्मीकि समाज के नेताओं को मुख्यमंत्री पद तक अवसर मिलना चाहिए। भाजपा संगठन में वर्षों से कार्य कर रहे वाल्मीकि समाज के पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक स्थान और जिम्मेदारी दिए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठी। शिक्षा के क्षेत्र में आईएएस, पीसीएस और एमबीबीएस जैसी पढ़ाई वाल्मीकि समाज के युवाओं के लिए कम शुल्क पर उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे मजबूत माध्यम है और इसके लिए विशेष योजनाएं लागू होनी चाहिए।

अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को जल्द ही प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के समक्ष दिल्ली में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। सदन ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर विश्वास जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि वाल्मीकि समाज को देश में उचित सम्मान और भागीदारी मिलेगी। कार्यक्रम में गौरव वाल्मीकि, नरेंद्र राजा, दिनेश वृंदावन, महेश वाल्मीकि, जितेंद्र कुमार तथा उत्तर प्रदेश की ओर से भाजपा नेता और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि समेत कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन में प्रमुख महासचिव राकेश गिल, दीपक लहौर्वी सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं और मातृशक्ति ने भाग लिया।

# 2016 शिक्षक भर्ती घोटाला, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग ने अपलोड की ओएमआर शीट शीट्स

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट्स अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुपालन में उठाया है। आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया कि शनिवार आधी रात के बाद कक्षा 9-10 और 11-12 के सहायक शिक्षक पदों के लिए आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी-2016) में शामिल करीब 3.5 लाख उम्मीदवारों की स्कैन की गई ओएमआर शीट्स अपलोड की गई हैं। अब अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

आयोग के अनुसार, गैर-शिक्षण पदों की ओएमआर शीट्स भी जल्द ही वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ये दस्तावेज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से प्राप्त हार्ड डिस्क के आधार पर अपलोड किए गए हैं और यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के आदेश के अनुपालन में की गई है।

यह मामला 2016 की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है, जिस पर कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने 22 अप्रैल 2024 को बड़ा फैसला सुनाते हुए 25,752 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया था। इनमें 17,209 शिक्षक और शेष ग्रुप-उ और ग्रुप-ऊ कर्मचारी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को 3 अप्रैल 2025 को बरकरार रखा था।

आयोग का कहना है कि डटफ शीट्स का प्रकाशन सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के अनुरूप किया गया है और इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। हालांकि आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस कदम का राज्य में सरकार परिवर्तन से कोई संबंध नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने यह कदम उस समय उठाया है जब सितंबर 2025 में शुरू की गई नई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत नई नियुक्तियों की काउंसलिंग भी जारी है।

आयोग ने बताया कि उच्च माध्यमिक स्तर पर सहायक शिक्षकों के 12,514 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

# चुनाव नतीजों से बदली राज्यों की सियासत

## कहीं पार्टी टूटने की आशंका, कहीं गठबंधनों में पड़ी कड़वाहट की गांठ

**पश्चिम बंगाल।** चुनाव नतीजों के बाद जहां विपक्ष में जाने वाले दलों में अक्सर अपने प्रदर्शन को लेकर आंतरिक मंत्रणा होती है, वहीं पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक अभी चुनाव के नतीजों पर बवाल हो रहा है। दूसरी तरफ केरल में हारने वाले गठबंधन के साथ-साथ जीतने वाले गठबंधन में बड़ी दरार है।

4 मई को पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आए। तीन राज्यों में सत्ता परिवर्तन हो गया। इन नतीजों के एक हफ्ते बाद जहां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में नई सरकार का गठन हो चुका है, असम और पुदुचेरी में शपथ ग्रहण होने वाला है। वहीं, केरल में अभी भी मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर रार छिड़ी है।

पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक चुनाव के नतीजों पर बवाल हो रहा है। नौबत तो यहां तक आ गई है कि किसी राज्य में पुराने गठबंधन टूट कर नए गठजोड़ बन चुके हैं। वहीं, किसी पार्टी में पूरी तरह टूट की आशंका गहरा गई है। इतना ही नहीं कुछ राज्यों में तो चुनावी नतीजों के सामने आने के बाद से ही पार्टी या गठबंधन के नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को हार का जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया है।





पश्चिम बंगाल के 2026 विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की करारी हार मिली। इसमें भाजपा ने 294 में से 208 सीटें जीतीं। इसके बाद से ही टीएमसी के साथ-साथ पूरे विपक्ष में सियासी उथल-पुथल और बगावत देखने को मिली है।

### टीएमसी में अंदरूनी कलह

नेतृत्व पर सीधे सवालः चुनाव हारते ही कई वरिष्ठ नेताओं ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व पर खुलकर सवाल उठाए हैं। मालदा के वरिष्ठ नेता कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने पार्टी की हार के लिए सीधे तौर पर एक व्यक्ति (अभिषेक बनर्जी) और पार्टी के कॉरपोरेट-शैली प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया।

**आईपैक का विरोधः** कई नेताओं ने राजनीतिक सलाहकार कंपनी आईपैक पर अत्यधिक निर्भरता को हार का कारण बताया। सिलीगुड़ी की पूर्व जिला अध्यक्ष पपिया घोष ने कहा कि 2021 के बाद से कार्यकर्ता खुद को एक कंपनी के कर्मचारी जैसा महसूस करने लगे थे और पार्टी में सिंडिकेट राज चल रहा था।

दो गुटों में बंटी पार्टीः पूर्व मंत्री रबींद्रनाथ घोष ने दावा किया कि राज्य स्तर पर पार्टी दो गुटों- ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच बंट गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अभिषेक अपनी मनमर्जी के फैसले ममता पर थोपते थे।

इस्तीफों की झड़ीः इस हार के बाद कई बड़े नेताओं और करीबियों ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व विधायक और फिल्म निमार्ता राज चक्रवर्ती ने राजनीति से ही संन्यास ले लिया। सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब ने भी इस्तीफे की पेशकश की है। इसके अलावा अर्थशास्त्री अभिरूप सरकार सहित ममता बनर्जी के कई सलाहकारों ने इस्तीफा दे दिया है।

# मनोज अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल के चुनाव में निभाई थी अहम भूमिका

## अब बनाए गए राज्य के मुख्य सचिव



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे मनोज अग्रवाल को राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया है। मनोज अग्रवाल के पास तीन दशक का प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने मार्च 2025 में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यभार संभाला था।

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अब राज्य का मुख्य सचिव बना दिया गया है। शुभेंदु अधिकारी की नवनिर्वाचित सरकार की ओर से इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राज्य विधानसभा चुनावों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का सफलतापूर्वक पर्यवेक्षण किया था। यह नियुक्ति 11 मई, 2026 से प्रभावी होगी।

इस पदोन्नति के साथ, मनोज कुमार अग्रवाल राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले नौकरशाह बन गए हैं। यह उनके राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद से सबसे वरिष्ठ प्रशासनिक पद तक की एक तेज गति वाली यात्रा को दशार्ता है।

### कौन हैं मनोज कुमार अग्रवाल?

मनोज कुमार अग्रवाल 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं और पश्चिम बंगाल कैडर से हैं। उनके पास जिला प्रशासन, केंद्र सरकार में तैनाती और राज्य स्तर पर वरिष्ठ भूमिकाओं सहित तीन दशकों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव है। उन्हें मार्च 2025 में भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था।

# एसआईआर का तीसरा चरण जल्द होगा शुरू

## 17 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेश होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा चरण जल्द शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के तहत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में करोड़ों मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। पहले दो चरणों में लाखों मृत और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा चुके हैं। वहीं, इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद भी सामने आए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग आने वाले दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का तीसरा चरण शुरू करने की तैयारी में है। अधिकारियों के अनुसार, इस चरण में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 40 करोड़ मतदाताओं को शामिल किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने केरल, असम, पुदुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के कारण इस प्रक्रिया को फिलहाल रोके रखा था। अब चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद आयोग जल्द ही तीसरे चरण की शुरूआत कर सकता है।

**अब तक 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में हो चुका है एसआईआर**



अब तक 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा और बिहार शामिल हैं। असम में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अलग से किया गया था।

अब तक की एसआईआर कवायद में लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जा चुका है। शेष लगभग 40 करोड़ मतदाताओं को 17 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में प्रस्तावित तीसरे चरण में शामिल किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा एसआईआर विवाद**

हाल ही में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपने राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष आपत्ति जताई थी। बिहार में पुनरीक्षण की तैयारी के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने दावा किया था कि जमीनी स्तर पर बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के कुछ नागरिकों की पहचान की गई है, जो मतदाता सूची में शामिल होने के पात्र नहीं थे। हालांकि बाद में आयोग ने ऐसे लोगों की संख्या या कोई प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया।

विपक्षी दलों ने आयोग के दावों को भाजपा और उसके सहयोगियों के विरोधी मतदाताओं को निशाना बनाने की कोशिश बताया था। निर्वाचन आयोग और राज्य अधिकारियों के साझा आंकड़ों के अनुसार, अब तक नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की संयुक्त मतदाता सूची में 10.2 प्रतिशत की कमी आई है। इस प्रक्रिया में 60 लाख से अधिक मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 25.47 लाख नाम उत्तर प्रदेश और 24.16 लाख नाम पश्चिम बंगाल से हटाए गए। इसके अलावा आपत्तियों और सत्यापन प्रक्रिया के बाद 63.16 लाख नाम और हटाए गए। दूसरे चरण की प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है और 10 राज्यों तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूचियां प्रकाशित की जा चुकी हैं।

### पहले ही जारी किए जा चुके हैं निर्देश

निर्वाचन आयोग ने 19 फरवरी को 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर तैयारी जल्द पूरी करने को कहा था। इनमें दिल्ली, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। आयोग ने जून पिछले वर्ष में देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश दिया था, लेकिन विभिन्न कारणों से इसकी समय-सारिणी में कई बार बदलाव करना पड़ा। बिहार में इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चल रही प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# यूएई से भारतीयों की निकासी की खबरों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यूएई या फुजैरा से भारतीय नागरिकों की निकासी की कोई योजना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने मीडिया रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोट्र्स को पूरी तरह खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात मिलकर फुजैरा पोर्ट के जरिए भारतीय श्रमिकों को निकालने की योजना बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय की फैक्ट चेक टीम ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर भी इस खबर को खारिज करते हुए इसे फेक न्यूज करार दिया। पोस्ट में कहा गया ₹इस खबर का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी योजना नहीं बनाई जा रही है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम सुरेंद्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह है जो कि गलत नाम है मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेंद्र पाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह है जो की सही नाम है भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए

प्रार्थी
सुरेंद्र पाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह।
निवासी-119, दीनदयाल पुरी गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 12 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सांसद अतुल गर्ग पहुंचे जब जनता के यहां शोक जताने लोगों ने कहा- नेता ऐसे ही चाहिए जो हमारा दर्द जानें

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में अक्सर नेता खुशी के मौकों पर चले जाते हैं, लेकिन गमी के मौकों पर विशेष जगहों पर ही नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि जनप्रतिनिधि या नेता जाना नहीं चाहते, लेकिन कई बार उनके पास सूचनाएं नहीं होती और क्षेत्र की आम जनता के यहां कोई किसी दुख की जानकारी भी नहीं होती है। परंतु अगर जन जनप्रतिनिधि हैं और जानकारी भी है और जनप्रतिनिधि आम जनता के दुख में शामिल होने पहुंचे हैं तो ये अच्छी शुरूआत राजनीति में कहा जाती है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सोमवार को खोड़ा पहुंचे। उनके साथ भाजपा के पूर्व महानग महामंत्री पप्पू पहलवान तथा भाजपा नेता योगेश भाटी भी साथ थे। सांसद अतुल गर्ग चार ऐसे अलग-अलग घरों में गए जहां कुछ समय पहले उनके परिजनों का निधन हुआ था। एक परिवार ऐसा था जहां कोई भी पुरुष सदस्य नहीं बचा। ये विजय वर्मा का परिवार है। कई साल पहले उनके पिता का निधन हुआ। फिर विजय वर्मा के भाई का निधन हो गया था। 15 दिन पहले विजय वर्मा का भी निधन हो गया। सांसद अतुल गर्ग को जब इसकी जानकारी मिली तो वो शोक व्यक्त करने पहुंचे। सबसे खास बात ये रही कि सांसद ने शोक भी व्यक्त किया और वहीं से मुख्य विकास अधिकारी को फोन मिलाया। निर्देश दिये कि इस परिवार की मदद की जाए। इसके बाद सांसद अतुल गर्ग मुकेश गुप्ता के घर गए। उनके यहां भी भतीजे और पुत्र का निधन हो गया था। वो एक हादसे में मारे गए थे।



**लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सोमवार को खोड़ा पहुंचे। उनके साथ भाजपा के पूर्व महानग महामंत्री पप्पू पहलवान तथा भाजपा नेता योगेश भाटी भी साथ थे। सांसद अतुल गर्ग चार ऐसे अलग-अलग घरों में गए जहां कुछ समय पहले उनके परिजनों का निधन हुआ था।**



सांसद अतुल गर्ग ने परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। सांसद अतुल गर्ग ने सांत्वना दी और जनता भी यहां सांसद के इस अंदाज की सराहना कर रही है। पीड़ित परिवारों के यहां पहुंचना और दुख व्यक्त करना भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, राजनीतिक तहजीब है। सांसद अतुल गर्ग ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी थी। जनप्रतिनिधि अगर जनता के बीच पहुंच रहे हैं और उनके गम में शामिल हैं तो जाहिर है कि राजनीति संवेदनाओं से जुड़कर चल रही है।

# इसलिए नहीं दे पाएंगे गाजियाबाद के भाजपाई धरना...



**भाजपा धरना देगी, इसका कार्यक्रम भी आ गया है, लेकिन गाजियाबाद के भाजपाई धरना नहीं दे सकेंगे।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला विंग को लेकर भाजपा अब विपक्ष पर हमला बोल रही है। वो ये संदेश देने की कोशिश कर रही है कि वह महिला सशक्तिकरण के लिये बिल लाना चाहती थी और विपक्ष ने उसे पास नहीं होने दिया। भाजपा महिला बिल को लेकर ये प्लान बना रही है कि वो सपा और कांग्रेस कार्यालय के दफ्तरों के बाहर धरना देगी, विरोध करेगी। धरना भाजपा की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा है। वर्ष 2017 में सरकार आने से पहले भाजपा थानों के बाहर धरना दे रही थी।

भाजपा धरना देगी, इसका कार्यक्रम भी आ गया है, लेकिन गाजियाबाद के भाजपाई धरना नहीं दे सकेंगे। भाजपा का प्लान है, लेकिन इस प्लान से गाजियाबाद की भाजपा गायब है। गाजियाबाद के भाजपाई धरना नहीं दे पाएंगे और उसकी वजह भी है। दरअसल जो कार्यक्रम आया है वो विपक्षी सांसदों के विरुद्ध धरना देने का है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विरोध के विरुद्ध विरोध है। इस विरोध कार्यक्रम में विपक्षी सांसदों के विरुद्ध धरना होगा। दो-दो मंडलों की महिला कार्यकताओं के द्वारा ये धरना दिया जाएगा।

कार्यक्रम में पार्टी के बेनर, झंडे या कमल के फूल का उपयोग नहीं होगा। धरना स्थल पर विपक्षी सांसद के दो कटआउट भी लगाने हैं। धरना सासंद के घर के बाहर हो सकता है, उनके दफ़्तर के नजदीक किसी पार्क में हो सकता है, लेकिन गाजियाबाद वालों को ये मौका नहीं मिलेगा क्योंकि यहां पर सांसद भाजपा के हैं, ऐसे में धरना कैसे होगा।

खास बात ये है कि गाजियबाद के अलावा बागत, नोएडा, अमरोहा, और मेरठ में भी भाजपाई धरना नहीं दे पाएंगे। कार्यक्रम पार्टी का है, राजनीतिक छाया से दूर रहना है, मगर जहां-जहां कमल खिला है वहां-वहां धरना नहीं दिया जाएगा।

# 23-24 मई को भाजपा का प्रशिक्षण शिविर

## सांसद-मंत्री-विधायक को अनिवार्य रूप से करना होगा रात्रि प्रवास

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की बात करें तो वो अन्य राजनीतिक दलों के मुकाबले बहुत ही सधी हुई रणनीति के साथ चुनावी मोर्चे की तरफ बढ़ रही है। भाजपा का महानगर संगठन पूरी तरह से चुनावी मोड में है, तैयारियां चल रही हैं, बूथ पर काम हो चुका है और बूथ प्रवासी विषय पर काम हो चुका है। बड़ी बात ये है कि वर्ग प्रशिक्षण शिविर को लेकर संगठन गंभीर है। महानगर से लेकर प्रदेश तक वर्ग प्रशिक्षण शिविर की महत्ता को कार्यकर्ताओं को बता दिया गया है। जनप्रतिनिधियों को, प्रभारियों को ये अवगत करा दिया गया है कि वर्ग प्रशिक्षण शिविर में कोई भी जनप्रतिनिधि, कोई भी पदाधिकारी बीच में नहीं जाएगा और रात्रि प्रवास अनिवार्य रूप से करना होगा।



**महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा, इस शिविर में सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, जिला मंडल प्रभारी, महानगर की टीम मौजूद रहेगी।**

भाजपा की संगठन वाली चुनावी तैयारियों को लेकर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से करंट क्राइम ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि भाजपा का वर्ग प्रशिक्षण शिविर दो दिन तक चलेगा। इस शिविरि में सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, जिला मंडल प्रभारी, महानगर की टीम मौजूद रहेगी।

उन्होंने कहा कि 24 घंटे का यह वर्ग प्रशिक्षण शिविर होगा। 23 और 24 मई को आयोजित होने वाले वर्ग प्रशिक्षण शिविर के लिये विद्यालय की इमारत को स्थान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी विद्यालय का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही ये तय हो जाएगा। दो दिन के वर्ग प्रशिक्षण शिविर में सभी जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। 23 और 24 मई को महानगर का ये प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित होगा। संगठन की रणनीति को लेकर महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सभी सेक्टर पर काम हो चुका है।

हर महीने सेक्टर में बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा और मंडल में भी कार्यक्रम चल रहे हैं। बूथ अध्यक्ष से लेकर के बूथ प्रवासी पर काम हो चुका है। महानगर संगठन प्रदेश और क्षेत्र से मिले निर्देशों के अनुपालन में काम कर रहा है।

महानगर भाजपा देवतुल्य कार्यकताओं का एक बड़ा परिवार है। पूरा संगठन दिशा निर्देशों के अनुरूप काम कर रहा है। विधानसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं।

**निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने किया इस बात को स्वीकार**

# बोले- कार्यकारिणी बैठक का ना होना नगर निगम का सबसे बड़ा दुर्भाग्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक लंबे से नहीं हो रही है। पार्षद इसकी मांग कर चुके हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि बजट पर चर्चा ही नहीं हो पा रही, प्रस्ताव ही नहीं बन पा रहे। कई वार्डों में विकास कार्य रुक गया है। पार्षद इसकी शिकायत कर रहे हैं। वार्डों में विकस के काम रुकने और कार्यकारिणी की बैठक को लेकर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि ये वास्तव में नगर निगम का दुर्भाग्य है। बहुमत है, सर्वसम्मति है, स्वीकृति है उसके बावजूद भी कार्यकारिणी बैठक का ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हेंने कहा कि बजट पास नहीं हुआ तो काम नहीं हो रहे हैं।



**वार्डों में विकास के काम रुकने और कार्यकारिणी की बैठक को लेकर प्रवीण चौधरी ने कहा कि ये वास्तव में नगर निगम का दुर्भाग्य है**

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य इसलिये है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद की हर गली, हर मोहल्ले के विकास के लिये ये बजट पास किया है। मुख्यमंत्री का ये विजन है कि हर वार्ड में बुनियादी सुविधाएं हों, विकास हो और अगर उनकी स्वीकृति के बाद भी काम नहीं हो रहे तो इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा।

उन्होंने कहा कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष होने के नाते पार्षद मुझे भी बताते हैं कि काम नहीं हो रहा, वो परेशान हैं, लोग उनसे पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो हम संगठन के बड़े पदाधिकारियों से कहेंगे पूरा मामला उनके संज्ञान में लाएंगे। मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाएंगे और प्रदेश नेतृत्व के सामने भी ये बात रखेंगे।

कमाल ये है कि सरकार से पैसा आया है और समझ ही नहीं आ रहा कि किसके इशारे पर विकास होल्ड हो गया है। काम रुक गए हैं, लोग परेशान हैं और कई तो कार्यकारिणी सदस्य हैं जिनका कार्यकाल खत्म हो जाएगा लेकिन काम नहीं हुआ। आखिरकार पता तो चले कि निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है। कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई है, बोर्ड की बैठक नहीं हुई है तो विकास कार्यों को लेकर निर्णय कौन ले रहा है।

प्रवीण चौधरी ने फिर दोहराया कि हम किसी से कोई व्यक्तिगत बैर नहीं रख रहे, आलोचना नहीं कर रहे, लेकिन शहर की उस जनता को पता चले जिसने 100 पार्षदों को चुनकर नगर निगम में भेजा है और जनता के चुने हुए पार्षद क्यों विकास नहीं करा पा रहे हैं। कौन है जो विकास में बाधा बन गया है। कौन है जो नगर निगम के एक्ट को मजाक समझ रहा है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर लूट का विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला

**लोनी, करंट क्राइम।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र में दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर रविवार देर रात स्कूटी सवार एक युवक के चेहरे पर धारदार हथियार से वार कर चार बदमाशों ने चार सौ रुपये लूट लिए। धारदार हथियार से हमला होने के चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने मामले की जानकारी दोस्तों को दी। आरोप है कि दोस्तों के पहुंचने पर बदमाश उन पर हमला करते हुए फरार हो गए। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दिल्ली उस्मानपुर पहले पुश्ते पर रहने वाले अमन ऑनलाइन एप मीशो पर लेडीज गारमेंट्स बेचने का कार्य करते हैं।

उन्होंने बताया कि रविवार शाम वह ट्रोनिका सिटी स्थित फैक्टरी में




गारमेंट्स के लिए कपड़े की बात करने के लिए आए थे।

बातचीत के दौरान उन्हें देर हो गई, वह करीब 11 बजे के आस पास फैक्टरी से घर के लिए निकले। जब वह दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स पार कर विजय विहार मोड के पास पहुंचे तो स्कूटी सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास धारदार हथियार थे।

# पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर हमला : राम अवतार जिंदल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल ने समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई विवादित और अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। राम अवतार जिंदल ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता और देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की असंसदीय भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय और अक्षम्य है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और संवैधानिक मयार्दाओं पर भी गंभीर आघात है।

उन्होंने कहा कि यह बयान राजनीतिक कुसंस्कार, वैचारिक दिवालियापन और सार्वजनिक जीवन



**राम अवतार जिंदल ने कहा कि यह बयान राजनीतिक कुसंस्कार, वैचारिक दिवालियापन और सार्वजनिक जीवन की शालीनता के प्रति अनादर को दर्शाता है।**

की शालीनता के प्रति अनादर को दशार्ता है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन भाषा और आचरण की मयार्दा हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी होती है। जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 145 करोड़ नागरिकों के जनादेश और विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री पद की गरिमा पर हमला करना देश की लोकतांत्रिक भावना और जनता के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसे अमर्यादित राजनीतिक आचरण का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से समय आने पर अवश्य देगी।

# नगर आयुक्त का औचक निरीक्षण निर्माण कार्यों में मिली खामियों पर सख्ती

## मोहन नगर जोन में सड़क और फुटपाथ कार्यों की समीक्षा





**सीएम ग्रिड परियोजना में तेजी लाने के निर्देश**

**धीमी प्रगति और लापरवाही पर जताई नाराजगी**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की गति व गुणवत्ता को लेकर नगर निगम प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को मोहन नगर जोन क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण, फुटपाथ विकास और मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

नगर आयुक्त के अचानक निरीक्षण से संबंधित विभागों में हलचल मच गई और अधिकारी व अभियंता तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते नजर आए। निरीक्षण के दौरान सिटी जोन और मोहन नगर जोन में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जांच की गई। नगर आयुक्त ने हिंडन एयर फोर्स क्षेत्र से मोहन नगर चौराहा, हिंडन एयर फोर्स से भोपुरा तथा एलिवेटेड रोड तक के निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ, ग्रिल, साइड पटरी और डिवाइडर की स्थिति का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी गति और मरम्मत में लापरवाही पाए जाने पर नगर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने विशेष रूप से सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत मोहन नगर चौराहे से हिंडन एयर फोर्स तक चल रहे कार्यों की प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए और सभी मरम्मत कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए। टूटी हुई ग्रिल और क्षतिग्रस्त हिस्सों की तुरंत मरम्मत करने के भी आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता विपुल, अवर अभियंता विनोद सहित निर्माण विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

नगर आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता, सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम प्रशासन के अनुसार नगर आयुक्त के लगातार निरीक्षण से विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है और निर्माण कार्यों की गति भी बढ़ी है।

# जागरण से पहले अंधेरे में डूबी कॉलोनी एक फोन और फिर चमक उठीं लाइटें

## रातभर एक्टिव रहीं पार्षद छाया त्यागी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रात का समयङ्क कॉलोनी में माता रानी के जागरण की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। मंच सज चुका था, भक्त जुटने लगे थे और घड़ी ने जैसे ही साढ़े आठ बजाए, अचानक पूरे इलाके की स्ट्रीट लाइटें बुझ गईं। कुछ ही देर में अंधेरे ने उस रास्ते को अपनी चपेट में ले लिया जहां माता रानी का जागरण होना था।

स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ी तो सूचना भाजपा पार्षद छाया त्यागी तक पहुंची। इसके बाद शुरू हुआ रात का ह्लसेवा अभियानह्व। पार्षद के अनुरोध पर नगर निगम और बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कुछ ही देर में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दोबारा चालू कर दिया गया। लोगों ने राहत की सांस ली ही थी कि करीब 15 मिनट बाद अचानक पूरी विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और इलाका फिर अंधेरे में डूब गया। रात गहराती जा रही थी, लेकिन पार्षद छाया त्यागी लगातार मोर्चे पर डटी रहीं। तत्काल क्षेत्र के एसडीओ से संपर्क किया गया। बताया गया कि बातचीत के दौरान ही एक तरफ फैला अंधेरा अचानक रोशनी में बदल गया और कुछ ही क्षणों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। रात करीब 9:45 बजे इलाके में दोबारा उजाला लौट आया और माता रानी का जागरण सुचारू रूप से शुरू हो सका। रात 10 बजे तक चली इस भागदौड़ और व्यवस्थाओं के बाद पार्षद छाया त्यागी ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान ही जनप्रतिनिधि की असली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इसीलिए हम कहते हैं – सेवा ही संगठन है।

# पीएम नरेंद्र मोदी की अपील का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया समर्थन

## बोले- 'देशहित में सोने की खरीदारी कम करें'



**लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि देशहित को सर्वोपरि रखते हुए लोगों को अपने खर्च और संसाधनों के उपयोग में संतुलन बनाना चाहिए।**

**लोनी, करंट क्राइम।** पीएम मोदी की अपील पर बोले भाजपा विधायक, देशहित में सोने की खरीदारी कम करें, प्रधानमंत्री के निर्देशों का करें पालन

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों से सोना कम खरीदने, डीजल-पेट्रोल का सीमित उपयोग करने और जहां संभव हो वहां वर्क फ्रॉम होम अपनाने की अपील के बाद अब भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए लोगों से देशहित में सहयोग करने की अपील की है।

भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर लगातार फैसले ले रहे हैं। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे निर्देशों और अपीलों का पालन करे तथा राष्ट्रहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि देशहित को सर्वोपरि रखते हुए लोगों को अपने खर्च और संसाधनों के उपयोग में संतुलन बनाना चाहिए। विधायक ने विशेष रूप से अपने क्षेत्र की जनता और समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रमों में सोने की खरीदारी कम करें तथा अनावश्यक खर्च से बचें।

नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी निर्णय ले रहे हैं, वे देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक प्रधानमंत्री की अपीलों का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की बात कही।

## संपादकीय

# चीन से निवेश पर नरमी

केंद्र सरकार ने हाल ही में एक निर्णय लिया है, जिसके तहत चीन और भू-सीमा वाले अन्य पड़ोसी देशों से 40 विनिर्माण उपक्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को 60 दिन के भीतर मंजूरी देने की बात कही गई है। इससे पता लगता है कि भारत मान रहा है कि उसकी औद्योगिक महत्वाकांक्षाओं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच गहन एकीकरण की जरूरत है। 2020 में प्रेस नोट 3 लागू होने के बाद वर्षों तक कड़ी निगरानी के पश्चात अब भारत अधिक खुल रहा है और वैश्विक उत्पादन तंत्र में शामिल होने का इच्छुक नजर आ रहा है, जहां अब भी चीनी कंपनियों का दबदबा है।

अहम बात यह है कि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों का आपसी व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और 2025-26 में चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है। तर्क दिया जाता रहा है कि व्यापार घाटा और चीन पर निर्भरता कम करने का एक तरीका चीनी निवेश को आकर्षित करना भी है ताकि उत्पादन वहां से भारत आ सके।

जिन क्षेत्रों को तेज मंजूरी के लिए चुना गया है, उनमें दुर्लभ धातु, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, उन्नत बैटरी कलपुर्जे, डिस्प्ले मॉड्यूल, मशीन उपकरण और पॉलिसिलिकन वेफर शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा पर भारत का जोर इन्हीं पर आधारित है। इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इससे स्पष्टता आती है और समय के साथ यह देश के विनिर्माण उत्पादन को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।

भारत का दुर्भाग्य है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण का हिस्सा लंबे समय से लगभग 15-17 प्रतिशत पर अटका हुआ है, जो सरकार के 25 प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम है और कई पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं से पीछे है।

हालिया विश्लेषण से पता चला कि सूचीबद्ध कंपनियों के सकल मूल्य वर्धन में विनिर्माण कंपनियों का हिस्सा 2024-25 में घटकर 33.4 प्रतिशत रह गया। महामारी से पहले यह 40 प्रतिशत से अधिक था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाए हैं, जिनमें उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना भी शामिल है, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं रहे। उदाहरण के लिए पीएलआई योजना मोबाइल फोन क्षेत्र में सफल रही लेकिन अन्य क्षेत्रों में इसके प्रभाव निराशाजनक रहे।

ऐसे में यह समझना होगा कि चुनिंदा क्षेत्रों में चुनिंदा देशों से निवेश को तेज मंजूरी भर से देश की विनिर्माण चुनौतियां हल नहीं हो जाएंगी। इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स की ऊंची लागत, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण में कौशल की कमी, सख्त अनुपालन व्यवस्था और कमजोर अनुबंध प्रवर्तन जैसी कई बुनियादी दिक्कतें बरकरार हैं। इनसे कारोबार की लागत भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि भारत अपनी बढ़ती श्रम शक्ति के मुताबिक रोजगार नहीं तैयार कर पाया है।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स 1313 अंक टूटा, निफ्टी 23850 से नीचे

**शेयर बाजार**

**पेट्रोल-डीजल के इस्तेमाल में किफायत बरतने की अपील के बाद शेयर बाजार में बड़ी गिरावट**



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदीकी ओर से देश में पेट्रोल-डीजल के इस्तेमाल में किफायत बरतने की अपील के बाद शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट दिखी। दलाल स्ट्रीट पर निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को औंधे मुंह गिर गए। सेंसेक्स 1,312.91 अंक गिरकर 76,015.28 पर बंद हुआ; निफ्टी 360.30 अंक गिरकर 23,815.85 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.34 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वहीं, विदेशी मुद्रा बाजार में भी भारतीय मुद्रा ने एक ऐतिहासिक और चिंताजनक गिरावट दर्ज की है, जहां अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

बाजार में लगातार बने दबाव के बीच आज का कारोबारी सत्र निवेशकों के लिए भारी नुकसान वाला साबित हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1,312.91 अंकों की भारी गिरावट के साथ 76,015.28 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 360.30 अंक टूटकर 23,815.85 के स्तर पर आ गया।

# महंगाई और जलवायु संकट: वित्त वर्ष 2027 में आरबीआई कर सकता है ब्याज दरों में दो बार बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा संकट और अल नीनो मौसम के संभावित प्रभावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक बार फिर महंगाई का दबाव बढ़ने की आशंका है। एचएसबीसी की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन आर्थिक और जलवायु संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष (एफवाई27) में दो बार ब्याज दरों में इजाफा कर सकता है। इस रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि ऊर्जा संकट और अल नीनो से जुड़ी बाधाओं का यह संयोजन वित्त वर्ष 2027 के दौरान मुद्रास्फीति को उच्च स्तर पर धकेल सकता है और साथ ही आर्थिक विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और तापमान से जुड़ी खाद्य मुद्रास्फीति के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2027 में हेडलाइन मुद्रास्फीति औसतन 5.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एचएसबीसी का आर्थिक मॉडल यह सुझाव देता है कि अल नीनो और तापमान में वृद्धि का संयुक्त प्रभाव एक वर्ष की अवधि में मुद्रास्फीति में 0.5 प्रतिशत तक का इजाफा कर सकता है। इसी आधार पर यह उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई वर्ष 2026 की चौथी तिमाही और 2027 की पहली तिमाही में ब्याज दरों में दो बार बढ़ोतरी करेगा, जिससे रेपो रेट बढ़कर 5.75 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच सकता है।

ऊर्जा लागत, औद्योगिक फीडस्टॉक की कीमतों और संभावित अल नीनो घटना के एक साथ उत्पन्न होने से मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास को लेकर चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। यदि तापमान में वृद्धि पिछले 10 वर्षों के औसत के अनुरूप भी रहती है, तो मौसम संबंधी बाधाओं के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में उल्लेखनीय उछाल देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि वर्ष 2026 के अंत में अल नीनो की स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसका एक बड़ा मुद्रास्फीति प्रभाव 2027 में महसूस किया जाएगा। इसके अलावा, एक गंभीर अल नीनो घटना खाद्य कीमतों में और भी तेज वृद्धि का कारण बन सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत विश्व में सबसे बड़े आकार वाले देशों की लिस्ट में सातवें नंबर पर है और जनसंख्या के दृष्टिकोण से दूसरा सबसे बड़ा देश है।
- भारत की कोई राष्ट्रीय भाषा नहीं हैं. हिंदी अधिकारिक भाषा है जो कि देश के कई राज्यों में बोली जाती है. इसके अलावा अंग्रेजी भी देश के कई राज्यों में बोली जाती है।
- भारत पृथ्वी पर सबसे अधिक नमी वाला स्थान है।
- भारत देश ने कभी किसी देश पर पहले अटैक या आक्रमण नही किया है।
- भारत में 300,000 से अधिक मस्जिदें और 2 मिलियन से अधिक हिंदू मंदिर हैं।
- दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा मस्जिदें हमारा भारत देश में है।
- भारत 90 देशों को सॉफ्टवेयर बेचता है।
- अमेरिका में 38% डॉक्टर भारतीय हैं।
- अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सक्रिय सेना वाला देश है।
- विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान भारतीय संविधान है. जिसमें 448 आर्टिकल है और जिसे एक दिन में पढ़ा नही जा सकता है।

# आदिनाथ एग्रो प्रोसेस्ड फूड्स अब हुआ एडिनोवा

**भरोसेमंद स्वाद के जरिए दिग्गज कंपनियों को टक्कर देने की तैयारी**

**नई दिल्ली।** पुणे स्थित पैकेज्ड फूड कंपनी आदिनाथ एग्रो प्रोसेस्ड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी नई कॉरपोरेट पहचान की घोषणा करते हुए अपना नाम बदलकर एडिनोवा कर लिया है। लोकप्रिय उपभोक्ता ब्रांड 'सुरभि', 'विन' और 'मैजिक किंग' की इस मूल कंपनी ने 7 मई 2026 से अपना नया नाम, नया लोगो और डिजिटल पहचान अपना ली है।

**आदिनाथ एग्रो ने की री-ब्रांडिंग**
**ADINOVA**

**बीते तीन वर्षों में कंपनी ने अपना राजस्व दोगुना किया? :** यह रीब्रांडिंग कंपनी के एक भरोसेमंद क्षेत्रीय ब्रांड से राष्ट्रीय स्तर के चुनौतीपूर्ण ब्रांड के रूप में उभरने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने अपना राजस्व दोगुना कर लिया है, जिसे महाराष्ट्र के जेजुरी में 30 एकड़ से अधिक में फैली विनिर्माण सुविधा से समर्थन मिला है। पश्चिमी भारत तक सीमित अपनी सप्लाई चेन को अब कंपनी ने पैन-इंडिया (पूरे भारत) स्तर पर मजबूत कर लिया है।

एडिनोवा का अब सीधा लक्ष्य भारत की पैकेज्ड फूड और फ्लेवर श्रेणी में हिंदुस्तान यूनिलीवर के ब्रांड किसान और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी स्थापित मल्टीनेशनल कंपनियों को कड़ी टक्कर देना है। कंपनी को अपने भारतीय स्वाद की गहरी समझ और 'विन' व सुरभि ब्रांड्स की प्रामाणिकता पर पूरा भरोसा है।

सुरभि को भारत में बिना प्याज-लहसुन वाले केचप की शुरूआत करने का श्रेय प्राप्त है, जबकि विन एक प्रीमियम ब्रांड है जो अब रिटेल क्षेत्र में चाइनीज सॉस के साथ विस्तार कर रहा है।

वर्तमान में कंपनी के पास केचप, मेयोनेज, इटैलियन सॉस, नूडल्स और सूप जैसी श्रेणियों में 250 से अधिक उत्पाद (एसकेयू) मौजूद हैं, जो जनरल ट्रेड, होरेका, मॉडर्न ट्रेड और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं।

# बदल रहा है भारत: मुंबई-पुणे मात्र 28 मिनट में!

## रेल मंत्री ने बताया कैसे रेलवे और सेमीकंडक्टर बदलेंगे देश की अर्थव्यवस्था




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की आर्थिक स्थिति और तकनीकी प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर युद्ध अभी थमा नहीं है। हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए लगता है कि शांति स्थापित होने में अभी काफी समय लगेगा। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक विशेष आग्रह किया है। हमें उन सभी वस्तुओं पर अपना खर्च घटाना होगा, जिन्हें खरीदने के लिए देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है।

**क्या बोले अश्विनी वैष्णव :** अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि नागरिक अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने डीजल और पेट्रोल का उदाहरण देते हुए कहा कि इनका कम उपयोग देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। मंत्री ने व्यापारियों और उद्यमियों से भी अपील की कि वे अपने स्तर पर विदेशी मुद्रा बचाने के रास्ते खोजें। उन्होंने जोर दिया कि हमें केवल बचत ही नहीं करनी है, बल्कि ज्यादा से ज्यादा विदेशी मुद्रा कमाने के प्रयास भी करने होंगे। ये दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ चलनी चाहिए।

सेमीकंडक्टर निर्माण के मुद्दे पर मंत्री ने बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने इस दिशा में अपनी यात्रा साल 1962 में शुरू की थी। इस लक्ष्य को पाने के लिए देश के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अपने-अपने समय में गंभीर प्रयास किए।

पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने की कोशिश की। हालांकि, इन दशकों पुराने प्रयासों को असली सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मिली है।

आज भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की दो फैक्ट्रियां व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर चुकी हैं।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच अदाणी ने एआई और डेटा सेंटर पर दिया जोर




**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल क्षमता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को लेकर सीआईआई समिट में गौतम अदाणी ने बड़ा विजन पेश किया है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत केवल उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता से नहीं, बल्कि ऊर्जा और तकनीकी आत्मनिर्भरता से तय होगी।

**पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर क्या बोले? :** हालिया पश्चिम एशिया संघर्ष और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए अदाणी ने कहा कि अब ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा अलग-अलग विषय नहीं रह गए हैं। ये दोनों मिलकर राष्ट्रीय शक्ति की नई धुरी बन चुके हैं। उनके मुताबिक, जो देश अपनी ऊर्जा व्यवस्था को नियंत्रित करेगा, वही औद्योगिक भविष्य को दिशा देगा। वहीं जो देश कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता पर नियंत्रण रखेगा, वही दुनिया के इंटेलिजेंस फ्यूचर का नेतृत्व करेगा।

**चीन और अमेरिकी व्यवस्था का किया जिक्र :** अदाणी ने कहा कि 1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल की थी, लेकिन 21वीं सदी में सच्ची आजादी का अर्थ होगा अपने घरों को रोशन करने वाली ऊर्जा और अपने भविष्य को दिशा देने वाली तकनीक पर खुद का नियंत्रण। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन इस नई वैश्विक रणनीति को अच्छी तरह समझ चुके हैं। दोनों देशों की राजनीतिक व्यवस्थाएं अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य समान है ऊर्जा और तकनीकी क्षमता में आत्मनिर्भरता हासिल करना।

## राशिफल

**मेष:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। वाहन सुख में भी वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु आत्म संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कर्क:** परिवार का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी मित्र से धन की प्राप्ति हो सकती है। खर्चों की अधिकता रहेगी। पैतृक सम्पत्ति की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। अति उत्साही होने से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। बातचीत में भी संयम बनाकर रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** संयत रहें। क्रोध एवं व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**मीन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। माता-पिता का साथ मिलेगा।

## चुटकुले

लड़का लड़की से- मैं आपसे दोस्ती करना चाहता हूं.
लड़की- तो हमारी दुश्मनी ही कब हुई थी भईया?
लड़के ने साध ली चुप्पी...

---

सोनू- किस बात से परेशान है?
मोनू- यार घरवालों से हूं.
सोनू- घरवालों ने क्या किया?
मोनू- जिस दिन सोचता हूं कि कुछ नया करुंगा, उसी दिन घर वाले गेहूं पिसवाने भेज देते हैं।

---

बबलू- सबसे शुद्ध माल अपने कस्टमर को कौन बेचता है ?
डब्लू- बिजली विभाग.
बबलू- वो कैसे ?
डब्लू- हाथ लगाकर देख ,पता चल जाएगा ।

---

चुन्नू- आज मैं बाल बाल बचा.
मुन्नू- क्या हो गया था ?
चुन्नू- आज ट्रेन मेरे ऊपर से गुजर गई , शुक्र है कि मैं पुल के नीचे खड़ा था...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

12 May -26 page 5new 5/11/2026 10:50 PM Page 1





# क्या हार्दिक पांड्या और मुंबई इंडियंस के बीच सबकुछ ठीक नहीं

## रोहित और सूर्यकुमार को किया अनफॉलो!







**रायपुर।** सोशल मीडिया यूजर्स का दावा है कि हार्दिक पांड्या ने पहले इंस्टाग्राम पर मुंबई इंडियंस को अनफॉलो किया, बाद में फिर फॉलो कर लिया। वहीं, कुछ यूजर्स ने रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को भी अनफॉलो करने का दावा किया है।

आईपीएल का 19वां संस्करण पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए कुछ खास नहीं रहा है। रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के साथ उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम फिलहाल अंक तालिका में 10वें स्थान पर है। इस बीच कप्तान हार्दिक पांड्या और मुंबई इंडियंस को लेकर सोशल मीडिया पर नई चर्चा शुरू हो गई है।

### हार्दिक ने पहले मुंबई को किया अनफॉलो, फिर फॉलो बैक किया!

सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स का दावा है कि रविवार को हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मुंबई इंडियंस को अनफॉलो किया था। हालांकि, कुछ ही देर बाद उन्होंने टीम को दोबारा फॉलो भी कर लिया।

इतना ही नहीं, हार्दिक ने टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को भी इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। इस घटनाक्रम ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और फैंस इसे टीम के भीतर संभावित मतभेदों से जोड़कर देख रहे हैं।

### कोच क्या बोले?

रायपुर में आरसीबी के खिलाफ दो विकेट से मिली हार के बाद मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने को कठिन सवालों का सामना करना पड़ा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयवर्धने से टीम के प्रदर्शन, लगातार बदलाव और सीनियर खिलाड़ियों को बेंच करने को लेकर राजनीति जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए। जयवर्धने ने पूरे सीजन के प्रदर्शन को निराशाजनक बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम मौके मिलने के बावजूद उन्हें भुना नहीं सकी। उन्होंने कहा, 'यह सीजन निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले, लेकिन हम पर्याप्त अच्छे नहीं थे। गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में निरंतरता की कमी रही और यही फर्क बन गया। हम प्लेऑफ की दौड़ में रहने के लिए दो-तीन जीत दूर थे, लेकिन हम वो जीत हासिल नहीं कर पाए।'

### हार्दिक की गैरमौजूदगी और सूर्या का फॉर्म

कप्तान हार्दिक पांड्या इस मैच में पीठ में ऐंठन के कारण नहीं खेल सके, जिससे टीम का संतुलन प्रभावित हुआ। वहीं उपकप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

### कप्तानी को लेकर फिर शुरू हुई चर्चा

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। उस फैसले के बाद टीम प्रबंधन को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब सोशल मीडिया पर यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या फ्रेंचाइजी हार्दिक से कप्तानी वापस लेने पर विचार कर रही है। हालांकि, अभी तक मुंबई इंडियंस या हार्दिक पांड्या की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में फिलहाल इन खबरों की पुष्टि नहीं की जा सकती।

### फैंस के बीच बढ़ी हलचल

हार्दिक के इस कदम के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर फैंस लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे टीम के अंदर तनाव का संकेत मान रहे हैं, जबकि कई लोगों का कहना है कि यह केवल सोशल मीडिया गतिविधि हो सकती है और इसका क्रिकेट या टीम माहौल से कोई संबंध नहीं है। अब सभी की नजर मुंबई इंडियंस के अगले कदम और हार्दिक पांड्या की प्रतिक्रिया पर टिकी हुई है।

# गावस्कर की नजर में ये टीमें खेल सकती हैं आईपीएल का फाइनल मुकाबला



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के लगातार हारने के बावजूद सुनील गावस्कर का मानना है कि टीम आईपीएल के फाइनल में पहुंचने में सफल रहेगी। गावस्कर के अनुसार, खिताबी मुकाबले में पंजाब का सामना फिर आरसीबी से हो सकता है। भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि पंजाब किंग्स और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल 2026 का खिताबी मुकाबला खेला जा सकता है। पंजाब किंग्स का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स से होना है। इससे पहले गावस्कर ने पंजाब का फाइनल में पहुंचने के लिए समर्थन किया है।

### अच्छी शुरूआत के बाद पंजाब ने गंवाई लय

पंजाब ने आईपीएल 2026 की शुरूआत शानदार तरीके से की थी और आधी सीजन तक अजेय बनी हुई थी। लेकिन इसके बाद वह लय गड़बड़ा गई और टीम को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा। पंजाब का सामना अब दिल्ली से है जिसके लिए प्लेऑफ की दौड़ लगभग समाप्त हो चुकी है। पंजाब के पास दिल्ली के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटने का अच्छा मौका रहेगा।

गावस्कर ने कहा, पंजाब के मामले में लगातार हार टीम को रिसेट और लय में आने में ही मदद करेगा। इससे पंजाब को अब आने वाले मैचों की महत्वता का पता चलेगा और वह एक और हार नहीं झेलना चाहेगी। मैं अभी भी पंजाब का समर्थन करता हूं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स है जिसने काफी करीब मैच गंवाए हैं जो उसे जीतने चाहिए थे।

पंजाब को पता है कि टूनार्मेंट में यह स्टेज कितना जरूरी है। पंजाब की टीम अब अति-आत्मविश्वास में नहीं आकर एक और हार से बचना चाहेगी। मुझे अभी भी लगता है कि इस सीजन भी फाइनल में पंजाब और आरसीबी की टीमें आमने-सामने होंगी।

# पेट पर चोट, पैरों में क्रैम्प्स...फिर भी डटे रहे क्रुणाल पांड्या

## आरसीबी की जीत के बाद पोस्ट की तस्वीर





**रायपुर।** आरसीबी की मुंबई इंडियंस पर जीत में क्रुणाल पांड्या का अहम योगदान रहा है। उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत की दलहीज पर पहुंचाया।

आईपीएल में रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को यादगार जीत दिलाई। मैच के कुछ घंटों बाद क्रुणाल ने इंस्टाग्राम पर अपने पेट पर पड़े गहरे चोट के निशान की तस्वीर साझा की, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। क्रुणाल ने फोटो के साथ लिखा, 'कुछ निशान इस बात का सबूत होते हैं कि लड़ाई लड़ना वाकई मायने रखता था।'

### मुश्किल परिस्थिति में संभाली पारी

167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 39 रन पर तीन बड़े विकेट गंवा दिए थे। विराट कोहली बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी जल्द पवेलियन लौट गए। ऐसे दबाव भरे माहौल में नंबर-पांच पर बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभाला। उन्होंने 46 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली और टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

### दर्द से जूझते हुए लगाए छक्के

पारी के दौरान क्रुणाल को लगातार क्रैम्प्स की समस्या होने लगी। पहले हैमस्ट्रिंग और फिर ग्लूट्स में दर्द बढ़ता गया। एक समय तो वह दर्द से मैदान पर गिर पड़े। इस दौरान मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन ने खेल भावना दिखाते हुए उन्हें उठने में मदद की। हालांकि, दर्द के बावजूद क्रुणाल ने हार नहीं मानी। 18वें ओवर में जब मुंबई ने स्पिनर अल्लाह गजनफर को गेंदबाजी पर लगाया, तब आरसीबी को 18 गेंदों में 30 रन चाहिए थे। क्रुणाल ने उसी ओवर में दो बड़े छक्के जड़ दिए। खास बात यह रही कि हर बड़े शॉट के बाद वह दर्द से जमीन पर गिरते दिखे, लेकिन फिर उठकर बल्लेबाजी जारी रखी।

### आखिरी गेंद पर जीती आरसीबी

क्रुणाल के आउट होने तक आरसीबी जीत के बेहद करीब पहुंच चुकी थी। आखिर में भुवनेश्वर कुमार ने अहम छक्का लगाकर मुकाबले को अंतिम गेंद तक पहुंचाया। आखिरी गेंद पर टीम को दो रन चाहिए थे, जिसे आरसीबी ने पूरा कर दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

### मैच के बाद भावुक हुए क्रुणाल

मैच खत्म होने के बाद क्रुणाल पांड्या ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे हारना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन अगर हारता हूं तो उसे स्वीकार करना और खुद को बेहतर बनाना जानता हूं। क्रिकेट आपको विनम्र बनाता है क्योंकि यहां अच्छे दिनों से ज्यादा बुरे दिन आते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी पत्नी हमेशा मेरी ताकत रही हैं। मेरी मां का भी बड़ा योगदान है। मैं अपने पिता को हमेशा याद करता हूं। वह अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन मुझे अच्छा खेलते देखकर जरूर खुश होते।'

# आईसीसी की वार्षिक पुरुष वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1', पाकिस्तान को झटका



**नई दिल्ली।** आईसीसी की तरफ से जारी की गई ताजा वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1' बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। दूसरी ओर, पाकिस्तान एक स्थान नीचे खिसक गया है।

आईसीसी ने सोमवार को पुरुषों की ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत 'नंबर-1' बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। दूसरी ओर, पाकिस्तान एक पायदान नीचे खिसक गया है। ताजा रैंकिंग में भारत की रेटिंग 119 से गिरकर 118 हो गई है। वहीं, न्यूजीलैंड को दो अंक मिले हैं। यह टीम 113 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। अब शीर्ष-2 टीमों के बीच अंतर आठ से घटकर पांच ही रह गया है।

**पाकिस्तान को लगा झटका**

मौजूदा वनडे विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग (109) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह टीम फिलहाल तीसरे पायदान पर बनी हुई है। इस बीच टॉप-5 में बदलाव देखने को मिला है। साउथ अफ्रीका एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका को चार रेटिंग अंक मिले हैं। अब इस टीम के पास 102 अंक हैं, जबकि पाकिस्तान ने चार अंक गंवा दिए हैं। यह टीम 98 अंकों के साथ रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गया है।

**छठे स्थान पर श्रीलंका**

दो अंक गंवाने के बावजूद श्रीलंका छठे स्थान पर बना रहा। इस टीम के 96 अंक हैं, जबकि अफगानिस्तान मामूली गिरावट के बाद 93 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बना रहा। इंग्लैंड एक रेटिंग अंक हासिल करने के बाद आठवें स्थान पर बना रहा, जबकि बांग्लादेश 84 अंकों के साथ नौवें स्थान पर कायम रहा।

**अमेरिका किस स्थान पर?**

बांग्लादेश और 10वें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के बीच का अंतर काफी बढ़ गया। कैरेबियाई टीम ने तीन रेटिंग अंक गंवाए हैं। अब इस टीम के पास 74 अंक हैं। टॉप-10 से बाहर, आयरलैंड दो रेटिंग अंक हासिल करने के बाद जिम्बाब्वे से ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। एक अंक की गिरावट के बाद जिम्बाब्वे खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम स्कॉटलैंड को पछाड़ते हुए 13वें स्थान पर पहुंच गई है, उसकी रेटिंग बढ़कर 46 हो गई। एक अंक गंवाने के बाद स्कॉटलैंड एक स्थान नीचे खिसक गया।

### सीनियर ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट 2026: दीपक पूनिया फाइनल मे

**गोंडा।** दीपक पूनिया ने सीनियर ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट 2026 के 92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली, जहां अब उनका मुकाबला हरियाणा के वंश से होगा। वहीं, 125 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के रोहित ने अनिरुद्ध को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि टूनार्मेंट में देशभर के 593 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं।

दीपक पूनिया ने सीनियर ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित नंदिनीनगर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में कुल 593 पहलवान 10 अलग-अलग भार वर्गों में अपनी राष्ट्रीय रैंकिंग मजबूत करने के लिए मुकाबला कर रहे हैं।

**दीपक पूनिया का दमदार प्रदर्शन:** 92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा के दीपक पूनिया ने अपने ही राज्य के पहलवान राजा को एकतरफा अंदाज में 11-1 से हराया।

दीपक ने यह मुकाबला महज 2 मिनट 53 सेकंड में अपने नाम किया।तकनीकी रूप से अनुशासित प्रदर्शन करते हुए दीपक ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार लय दिखाई है। अब फाइनल मुकाबले में उनका सामना हरियाणा के पहलवान वंश से होगा।

**125 किलोग्राम वर्ग में रोहित की जीत:** 125 किलोग्राम हैवीवेट वर्ग में हरियाणा के पहलवान रोहित ने मुकाबला जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। मैच नंबर 179 में रोहित का सामना अनिरुद्ध से हुआ, जहां दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

# नीरू-विवान ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** नीरू ढांडा और विवान कपूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया।

नीरू ढांडा और विवान कपूर ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने इस तरह रविवार को कजाखस्तान के अल्माटी में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में सकारात्मक तरीके से अपना अभियान समाप्त किया। यह पदक नीरू और विवान के लिए ओलंपिक स्पर्धा में आईएसएसएफ विश्व कप का पहला पोडियम स्थान था और पिछले साल ओलंपिक कार्यक्रम में मिश्रित टीम ट्रैप स्पधाको शामिल किए जाने के बाद से भारत का दूसरा पदक था।

### फाइनल में 30 में से 24 निशाने लगाए

नीरू और विवान ने फाइनल में पहले 30 में से 24 निशाने लगाए। इटली की शीर्ष जोड़ी सिल्वाना स्टांको और मौरो डी फिलिपिस के बराबर स्कोर करने के बावजूद उन्हें रजत पदक से चूकना पड़ा क्योंकि वे क्वालिफिकेशन में इतालवी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

# अब टॉप-4 की कुर्सी पर बैठने के लिए आठ टीमों के बीच 'मारामारी'

## मुंबई और लखनऊ बाहर



| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आरसीबी ) | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +1.103 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.228 |
| पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | +0.571 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.185 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| मुंबई इंडियंस (बाहर) | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स (बाहर) | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**नई दिल्ली।** आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर आईपीएल 2026 अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इस हार के साथ मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गए। अब आठ टीमें टॉप-4 की लड़ाई में बची हैं। आरसीबी, हैदराबाद, गुजरात और पंजाब मजबूत स्थिति में हैं, जबकि चेन्नई, राजस्थान, कोलकाता और दिल्ली के लिए रास्ता कठिन है।

आइए विस्तार से समझते हैं हर टीम का प्लेऑफ समीकरण। आईपीएल 2026 अब अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है।

लीग चरण के आखिरी मुकाबले नजदीक हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर बदल रहा है। रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर हराकर न सिर्फ दो अहम अंक हासिल किए, बल्कि अंक तालिका में शीर्ष स्थान भी कब्जा लिया। इस हार के साथ मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गए। अब कुल आठ टीमें अभी भी शीर्ष चार में जगह बनाने की लड़ाई में हैं।

# विनेश फोगाट का संन्यास लेने से इनकार

## डब्ल्यूएफआई पर साधा निशाना



**गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के साथ विवाद के बीच पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास से साफ इनकार किया है। विनेश ने डब्ल्यूएफआई पर निशाना साधा है और उनका है कि महासंघ में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि वह इस खेल को छोड़ दें।

विनेश फोगाट ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि वह इस खेल को छोड़ दें। लेकिन उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह हार स्वीकार नहीं करेंगी और उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगी। डब्ल्यूएफआई ने विनेश को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए तब तक अयोग्य घोषित कर दिया था, जब तक उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती।

### प्रतियोगिता के लिए गोंडा पहुंचीं विनेश

विनेश प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचीं और दावा किया कि वह मुकाबले में वापसी के लिए पात्र हैं, जबकि महासंघ ने डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि का हवाला देते हुए उन्हें 26 जून 2026 तक अयोग्य घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने उनकी भागीदारी को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया।

डब्ल्यूएफआई अधिकारियों से मिलने के बाद विनेश ने कहा, आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं? क्या मैं संन्यास ले लूं और दूर हो जाऊं? हार मान लूं? जिससे कि मेरे खिलाफ उनकी साजिश कामयाब हो जाए? वे चाहते हैं कि मैं कुश्ती छोड़ दूं, मैं थक जाऊं, मैं हाथ जोड़ लूं और चली जाऊं। संजय सिंह, बृज भूषण, उनकी टीम वे सभी जिनका इस पर नियंत्रण है, जिनके पास सत्ता है।

### विनेश बोलीं- 14 दिनों के भीतर दूंगी विस्तृत जवाब

विनेश ने कहा कि उन्होंने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस पर संक्षिप्त जवाब भेज दिया है और 14 दिनों के भीतर विस्तृत जवाब देंगी। उन्होंने कहा, मैंने संजय सिंह से कहा कि 14 दिनों में विस्तृत जवाब दे दूंगी, लेकिन उससे पहले ही मुझे दोषी कैसे माना जा सकता है? कम से कम 14 दिनों तक तो मुझे मत रोकिए। उसके बाद जो कार्रवाई करनी हो, कर लीजिए।

लेकिन वह विस्तृत जवाब पर ही अड़े हुए हैं। मैंने 12 दिसंबर को पत्र भेजकर बताया था कि मैं खेल में वापसी करना चाहती हूं और प्रशिक्षण शुरू कर चुकी हूं। फिर छह महीने तक इंतजार क्यों किया गया? मैं प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंची और तब मुझ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह बात पहले भी बताई जा सकती थी।

# बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब, एल क्लासिको में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया

**बार्सिलोना।** टीम फैंस के साथ 2025/26 ला लीगा और सुपर कप टाइटल का जश्न मनाने के लिए बार्सिलोना की सड़कों पर उतरेगी। चैंपियंस परेड शहर के कई मशहूर हिस्सों से गुजरेगी और बार्सिलोना की सड़कों पर एक बड़ा 'ब्लाउग्राना' सेलिब्रेशन होगा।

**ब्रेक से पहले रैशफोर्ड के पास तीसरा गोल करने का शानदार मौका था, जब टोरेस ने उन्हें फिर से गोल करने के लिए बेहतरीन पास दिया**



एफसी बार्सिलोना ने 'एल क्लासिको' मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराते हुए ला लीगा के खिताब को अपने नाम किया। बार्सिलोना ने यह 29वीं बार ला लीगा की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। रियल मैड्रिड इस मुकाबले में अपने तीन अहम खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टीम के स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण यह मुकाबला नहीं खेल सके, तो फेडेरिको वाल्वरडे भी इस मैच का हिस्सा नहीं थे। वहीं, वॉर्मअप के दौरान हुई समस्या के कारण डीन हुइजसेन भी यह मैच खेलने नहीं उतरे।

बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में पहले गोल की नींव फेरान टोरेस ने रखी। उन्होंने नौवें मिनट में एंटोनियो रुडिगर से फाउल करवाया, जिसके पूरा फायदा मार्कस रैशफोर्ड ने उठाया। रैशफोर्ड की दनदनाती हुई किक को गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहे।

टोरेस ने 18वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी, जब डैनी ओल्मो ने स्ट्राइकर को स्मार्ट बैकहील से शानदार पास दिया। ब्रेक से पहले रैशफोर्ड के पास तीसरा गोल करने का शानदार मौका था, जब टोरेस ने उन्हें फिर से गोल करने के लिए बेहतरीन पास दिया, लेकिन इस बार कोर्टोइस ने शॉट को वाइड टिप कर दिया और ओल्मो ने मिले कॉर्नर से अपना शॉट वाइड मार दिया। दूसरे हाफ की शुरूआत में रियल मैड्रिड संघर्ष करती हुई नजर आई, कोर्टोइस ने रैशफोर्ड के खतरनाक क्रॉस को रोका और टोरेस के शॉट का शानदार अंदाज में बचाव किया। जूड बेलिंगहैम का एक गोल ऑफसाइड होने की वजह से रद्द कर दिया गया।

बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने विनीसियस के गोल करने के प्रयास को विफल कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कोर्टोइस ने राफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शॉट का बचाव किया। रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी करने के काफी प्रयास किए, लेकिन बार्सिलोना के मजबूत डिफेंस ने उन्हें अपने इरादों में सफल नहीं होने दिया।






# साबित कर दिया अमरपाल शर्मा ने अपना पॉलिटिकल बेस

## सफल आयोजन से बने हैं वेस्ट यूपी की ब्राह्मण राजनीति का सबसे बड़ा फेस!



















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में एक नेता की मजबूती उस नेता का वजूद उसके सफल आयोजन से होता है। नेता अगर कोई कार्यक्रम अपने दम पर करे और अपने समाज का करे और उस कार्यक्रम में अपार जनसमूह आ जाए तो फिर ये कहने की जरूरत नहीं होती है कि नेता का वजूद कितना मजबूत है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने देश की सबसे बड़ी विधानसभा से वसुंधरा इलाके में अपने समाज का एक आयोजन किया। ये आयोजन परशुराम जन्मोत्सव का था और सबसे बड़ी बात ये थी कि इस आयोजन में उमड़ी भीड़ किसी राजनीतिक दल की नहीं थी, ये भीड़ पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा के नाम पर आई।

वसुंधरा के इस आयोजन ने राजनीति में कई चेहरों को भी चौंका दिया है। अमरपाल शर्मा का ये आयोजन पूरी तरह सफल रहा है और इस आयोजन से अमरपाल शर्मा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ब्राह्मण राजनीति का सबसे बड़ा चेहरा बनकर सामने आए हैं। ये आयोजन खास है और इसलिये खास है कि सरकार में रहकर कोई भी भीड़ जुटा सकता है, लहर में भीड़ जुट सकती है, लेकिन अगर कोई चेहरा विपक्ष में रहकर केसरिया गढ़ में अपनी ताकत का जलवा दिखा रहा है तो फिर ये मानना ही होगा कि उस नेता का सियासी वजूद है। अमरपाल शर्मा ने अल्प तैयारी के बीच ये आयोजन किया और वो इस आयोजन से छा गए।

अपने समाज का आयोजन करना और ताकत दिखाना तैयारी के लिये महज एक हफ्ते का समय मिला और एक बड़ी भीड़ जुट गई। बिरादरी के ब्रदर हैं तो फिर कुछ और कहने को बचता ही नहीं है। मंच पर मौजूद माता प्रसाद पांडे ने भी भीड़ के होने पर मुहर लगाई। वो आयोजन में जनसमूह देखकर गदगद नजर आए। इस आयोजन को एक जनसभा कहा जा सकता है और अगर ब्राह्मण समाज की बात मानें तो ये एक बड़ी गेदरिंग कही जा सकती है।

बड़ा संदेश यहां से गया है। माता प्रसाद पांडे ने कहा कि मैंने एनसीआर में इतनी बड़ी संख्या में ब्राह्मण सम्मेलन में पहली बार भीड़ देखी है। अमरपाल शर्मा विपक्ष में रहकर एक बड़ा संदेश दे रहे हैं। ये संदेश कोई सामान्य संदेश नहीं है।

गाजियाबाद से यू गूंज उठी है और पूरे वेस्ट यूपी में सुनाई दे रही है। अब यहां पर अगर इसके राजनीतिक मायने तलाशें तो समाजवादी नेतृत्व को भी अमरपाल शर्मा जैसे मजबूत चेहरे की ताकत को पहचानना है।

अमरपाल शर्मा ने अपनी सियासी वफा भी दिखाई है। परशुराम जन्मोत्सव मंडप में उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के होर्डिंग लगाए। संदेश दिया कि हम इस राह पर चलेंगे, ये नेतृत्व में हमें स्वीकार है। अमरपाल शर्मा के कार्यक्रम में एक व्यवस्था, एक सामाजिक एकता और समाज के नेता की ताकत तीनों का मुलाहिजा हुआ है। विपक्ष में रहकर भीड़ जुटाना और व्यवस्थित कार्यक्रम कर देना सियासी ताकत कहलाती है। बहरहाल अब बिरादरी की ताकत को विधानसभा के मैदान से दिखाकर अमरपाल शर्मा ने ये संदेश दे दिया है कि वेस्ट यूपी का मजबूत ब्राह्मण चेहरा उन्हें ऐसे ही नहीं कहा जाता।

# 'गुमनाम क्रांतिकारी' पुस्तक का विमोचन

## पहली प्रति मिजोरम के राज्यपाल वी.के. सिंह को भेंट




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मातृभूमि सेवा संघ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम वीर क्रांतिकारियों के जीवन एवं बलिदान को जन-जन तक पहुँचाने हेतु 'गुमनाम क्रांतिकारी' पुस्तक का प्रकाशन किया गया है।

पुस्तक का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं भारतीय इतिहास के गौरवशाली पक्ष से परिचित कराना है। पुस्तक का विमोचन संत प्रेमानंद महाराज के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ, जिसने राष्ट्रभक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना का सुंदर संदेश दिया।

पुस्तक की प्रथम प्रति पूर्व सेनाध्यक्ष एवं वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह को उनके आवास पर भेंट की गई। उन्होंने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गुमनाम क्रांतिकारियों के योगदान को समाज तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है, इस अवसर पर विकास भारतीय, मोहित सोनी, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सेना, विनय सिंघल, पवन चौधरी, सिद्धार्थ ठाकुर मौजूद रहे।

### नोएडा वेस्ट में चलती इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गर्मी के मौसम में डीजल, पेट्रोल और सीएनजी वाहनों में आग लगने की घटनाओं के बीच अब इलेक्ट्रिक वाहनों में भी आग लगने के मामले सामने आने लगे हैं। सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक चलती इलेक्ट्रिक कार में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ ही देर में पूरा वाहन धू-धू कर जलने लगा। घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल रोड की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चलते-चलते अचानक आग की लपटों में घिर गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार का दरवाजा खोला और बाहर कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रदीप कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा और उनमें अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# वैशाली में ब्रह्माकुमारी के नए केंद्र का भव्य उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नए वैशाली केंद्र का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की।



समारोह को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी देवीना दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आप सभी शिव बाबा के अमूल्य रत्न और स्नेही सहयोगी हैं, जिनके प्रयासों से यह शुभ कार्य संपन्न हुआ है। यह केंद्र आदरणीय सुतीश दीदी, राजेश दीदी, सुनीता दीदी, गुंजन दीदी और चंचल दीदी के आशीर्वाद और पूरे ब्राह्मण परिवार के समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती रुचि गर्ग (प्रदेश मंत्री, भाजपा महिला मोर्चा, उत्तर प्रदेश) ने कहा कि यह केंद्र निश्चित रूप से हजारों लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। आध्यात्मिकता के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। विनीत शर्मा, गौरव सोलंकी और मनोज गोयल ने केंद्र की स्थापना पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

समारोह में राजयोगिनी राजेश दीदी, सुनीता दीदी, गुंजन दीदी और चंचल दीदी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान अजय भाई, प्रदीप भाई, कुमकुम बहन, राजेंद्र भाई, चेतन भाई, विनय भाई, महेश भाई, अर्जुन भाई, रामपाल भाई, रजनी बहन, सुधा बहन, दिनेश भाई, राजीव भाई, पंकज भाई, मनोज भाई सहित अनामिका, मिथलेश, पारुल, ऊषा, नीतू, पूजा बहन और बड़ी संख्या में सेवाधारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज में फीस को लेकर हंगामा




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज प्रशासन पर अभिभावकों ने छात्रों से निर्धारित फीस शुल्क से अधिक पैसे वसूले जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि काफी समय से अभिभावकों को अतिरिक्त फीस के नाम पर परेशान किया जा रहा है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

कस्बा पतला स्थित चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक जब प्रधानाचार्य से फीस वृद्धि के संबंध में बातचीत करने पहुंचते हैं तो कॉलेज प्रधानाचार्य या तो अभिभावकों से बात करने के लिए मना कर देते हैं या अपने ऑफिस से नदारत हो जाते हैं। इस बात से गुस्साये अभिभावकों ने कस्बा पतला में एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंचायत में लोगों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और फीस वसूली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षा के नाम पर बच्चों और अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। पंचायत में मौजूद लोगों ने प्रशासन से मांग की है, कि कॉलेज की फीस व्यवस्था और रिकॉर्ड की जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति को समझने वाले लोगों के लिए राजनीति शास्त्र में डाक्टरेट डा. अजय शर्मा की यह पोस्ट कुछ खास है। उन्होंने साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को उनके जन्मदिन की बधाई पर यह पोस्ट अपनी फेसबुक पर साझा की। राजनीति के इस अंदाज को इस तस्वीर से बयां करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# डिफेंस कॉलोनी में 'मातृ दिवस' की धूम, महिलाओं ने पकवानों और उल्लास के साथ मनाया उत्सव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-29, डिफेंस कॉलोनी (सी-ब्लॉक) में 'मातृ दिवस' के उपलक्ष्य में एक स्नेहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासी मास्टर जितेंद्र सैन के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस विशेष अवसर पर मास्टर जितेंद्र सैन की माताजी और धर्मपत्नी ने बेहद सुंदर व्यवस्था की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ अनुभव साझा किए और मातृ शक्ति के महत्व पर चर्चा की। आयोजन के अंत में जितेंद्र सैन के परिवार ने उपस्थित सभी माताओं का अभिनंदन किया और उन्हें मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सम्मान की भावना सुदृढ़ होती है।

# वसुंधरा में अचीवर्स अवॉर्ड सेरेमनी का हुआ आयोजन

## मेधावी बच्चों को क्या सम्मानित




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा में अचीवर्स अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शालिनी गांधी उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने उन्हें शॉल, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद, ओलंपियाड, सांस्कृतिक गतिविधियों और हाउस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 250 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए। मंच पर बुलाकर विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए, जिससे उनका उत्साह दोगुना हो गया।

प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने कहा कि हर विद्यार्थी में विशेष प्रतिभा होती है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से निरंतर प्रयास करते रहने और सफलता को विनम्रता के साथ स्वीकार करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. शालिनी गांधी ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़ी सफलता की नींव रखते हैं।






# क्या क्यूबा में कुछ बड़ा करने वाले हैं ट्रंप: नाकेबंदी के बीच बढ़ाई सैन्य




**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव के बीच क्यूबा के आसपास अमेरिकी सैन्य निगरानी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 से अब तक अमेरिकी नौसेना और वायुसेना कम से कम 25 निगरानी उड़ानें संचालित कर चुकी हैं।

रिपोर्ट में क्या हुआ खुलासा?

रिपोर्ट में फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार24 के सार्वजनिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि 4 फरवरी से अब तक अमेरिकी नौसेना और वायुसेना कम से कम 25 निगरानी उड़ानें संचालित कर चुकी हैं। इनमें ज्यादातर उड़ानें क्यूबा की राजधानी हवाना और सैंटियागो डी क्यूबा के आसपास देखी गईं। कुछ विमान क्यूबा के तट से महज 40 मील यानी करीब 64 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच गए।

इन मिशनों में मुख्य रूप से अमेरिकी नौसेना के पी-8ए पोसाइडन समुद्री निगरानी विमान का इस्तेमाल किया गया। यह विमान निगरानी, टोही और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा कुछ उड़ानों में ऐसे विशेष विमान और ड्रोन भी शामिल थे, जो सिग्नल इंटेलिजेंस और हाई-एल्टीट्यूड रिकॉनिसेंस मिशनों में इस्तेमाल किए जाते हैं।



**अमेरिका ने क्यूबा पर लगाए नए प्रतिबंध**

पिछले सप्ताह अमेरिका ने क्यूबा की प्रमुख आर्थिक संस्थाओं पर नए प्रतिबंध भी लगाए। इनमें क्यूबा-कनाडा की एक संयुक्त खनन कंपनी और क्यूबा की सेना द्वारा संचालित कारोबारी समूह शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ये संस्थाएं अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए खतरा हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वेनेजुएला और ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों से पहले भी इसी तरह का पैटर्न देखने को मिला था, जहां अमेरिकी बयानबाजी के साथ-साथ निगरानी उड़ानों में भी तेजी आई थी।

**इन घटनाओं को असामान्य माना जा रहा है**

रिपोर्ट के अनुसार, इन उड़ानों की बढ़ती संख्या और क्यूबा के तट के इतने करीब पहुंचना असामान्य माना जा रहा है। फरवरी से पहले इस क्षेत्र में इस तरह की सार्वजनिक सैन्य गतिविधियां बहुत कम देखने को मिलती थीं। सीएनएन ने ि3ु.ी7स्रङ्ग्शी के डेटा का हवाला देते हुए कहा कि क्यूबा के आसपास इस तरह की सैन्य तैनाती अमेरिकी गतिविधियों के पुराने पैटर्न से अलग है।

**ट्रंप ने क्यूबा के खिलाफ बयानबाजी की तेज**

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा के खिलाफ अपनी बयानबाजी तेज कर दी है। जनवरी में ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर फॉक्स न्यूज के योगदानकर्ता मार्क थीसेन की एक टिप्पणी साझा की थी, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप अपने कार्यकाल खत्म होने से पहले फ्री हवाना का दौरा करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद ही ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा पर तेल नाकेबंदी लागू करने का आदेश दिया था।

# उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते पर चलेगा महाभियोग, संसद में प्रस्ताव पास

फिलीपींस की उपराष्ट्रपति के खिलाफ प्रतिनिधि सभा ने भारी बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। उन पर अकूत संपत्ति, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने के आरोप हैं। आइए विस्तार से जानते हैं। फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ सोमवार को देश की प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने भारी बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। उन पर अकूत संपत्ति रखने, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस के सहयोगियों के प्रभाव वाले निचले सदन में महाभियोग प्रस्ताव के पक्ष में 255 सांसदों ने मतदान किया, जबकि 26 सांसद विरोध में रहे। वहीं नौ सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

**किन आरोपों में घिरी हैं सारा दुतेर्ते?** सारा दुतेर्ते पर आरोप है कि उन्होंने उपराष्ट्रपति कार्यालय और शिक्षा मंत्रालय के गोपनीय फंड का गलत इस्तेमाल किया। उन पर सरकारी धन के हिसाब-किताब में पारदर्शिता नहीं रखने और बड़ी मात्रा में संदिग्ध संपत्ति अर्जित करने के आरोप भी लगे हैं।




इसके अलावा सबसे गंभीर आरोप राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर और उनके परिवार को धमकी देने का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सारा दुतेर्ते ने पिछले वर्ष एक बयान में कहा था कि अगर उनके खिलाफ कोई साजिश हुई तो उन्होंने किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति, प्रथम महिला और संसद अध्यक्ष की हत्या के लिए तैयार रहने को कहा है। इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद और तेज हो गया था। शिकायतें भेजी जाएंगे सीनेट सारा दुतेर्ते के खिलाफ दायर दो महाभियोग शिकायतें अब सीनेट को भेजी जाएंगी। सीनेट इस मामले में ट्रिब्यूनल के रूप में सुनवाई करेगी और उपराष्ट्रपति पर लगे आरोपों की जांच होगी। सारा दुतेर्ते, फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की बेटी हैं।

# एम वी होंडियस पर भारतीय क्रू सुरक्षित दूतावास बोला-दोनों स्वस्थ और बिना लक्षण

**लंदन।** हंतावायरस संक्रमण की खबरों के बीच स्पेन में भारतीय दूतावास ने राहत भरी जानकारी दी है। दूतावास ने रविवार को कहा कि डच जहाज एमवी होंडियस पर मौजूद दोनों भारतीय नागरिक पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं।

स्पेन के कैनरी द्वीप पहुंचे लग्जरी क्रूज जहाज एमवी होंडियस पर फैले हंतावायरस संक्रमण के बीच जहाज पर मौजूद दो भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रूप से नीदरलैंड भेज दिया गया है। स्पेन में भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि दोनों भारतीय स्वस्थ हैं और उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। यह जहाज ओशियनवाइड एक्सपीडिशंस द्वारा संचालित किया जा रहा था। क्रूज ने 1 अप्रैल को अर्जेंटीना के उशुआइया शहर से अपनी यात्रा शुरू की थी और हंतावायरस संक्रमण की खबर सामने आने के बाद रविवार को स्पेन के कैनरी द्वीप पहुंचा। जहाज पर करीब 150 लोग सवार थे, जिनमें दो भारतीय क्रू सदस्य भी शामिल थे।




**क्वारंटीन में रखे जाएंगे दोनों भारतीय**

भारतीय दूतावास के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्पेन सरकार द्वारा तय स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के तहत यात्रियों को जहाज से उतारा गया। दोनों भारतीय नागरिकों को एहतियात के तौर पर नीदरलैंड भेजा गया है,

जहां उन्हें क्वारंटीन में रखा जाएगा। स्पेन में भारत के राजदूत जयंत एन खोबरागड़े लगातार स्पेनिश अधिकारियों और दोनों भारतीयों के संपर्क में हैं, ताकि उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य की निगरानी की जा सके ह्लड की टीम संक्रमण के आकलन में जुटी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने बताया कि डब्ल्यूएचओ की टीम स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और संक्रमण के आकलन में जुटी हुई है। यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए विशेष चार्टर उड़ानों की व्यवस्था भी की गई।

## बड़ा विमान हादसा टला, लैंडिंग के वक्त फ्लाइट के टायर में लगी आग

**काठमांडू।** काठमांडू हवाई अड्डे पर इस्तांबुल से आए टर्किश एयरलाइंस के विमान के टायर में लैंडिंग के समय आग लग गई। विमान में 278 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाई और संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों सहित सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक बड़ा विमान हादसा होते-होते बचा। मामले में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक अंतरराष्ट्रीय विमान बड़े खतरे की चपेट में आ गया था। हवाई अड्डा प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ से एक बड़े हादसे को समय रहते रोक लिया गया।

यह घटना टर्किश एयरलाइंस के विमान ळड 726 के साथ हुई। यह विमान तुर्की के इस्तांबुल शहर से उड़ान भरकर काठमांडू पहुंचा था। जैसे ही विमान ने रनवे पर लैंडिंग की, उसके टायर से आग की लपटें निकलने लगीं।

# यूएस -चाईना रिश्तों में नया मोड़: नौ साल बाद चीन जाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति, व्यापार और ताइवान पर होगी बड़ी बातचीत

**बीजिंग।** करीब नौ साल बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन दौरे पर रहेंगे, जहां उनकी चीनी राष्ट्रपति से अहम मुलाकात होगी। आइए विस्तार से जानते हैं। करीब नौ साल बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन दौरे पर रहेंगे। यह यात्रा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। ऐसे समय में यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, जब अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ी हुई है। साथ ही ताइवान, व्यापार और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव भी लगातार बना हुआ है।




**ट्रंप चीन दौरे पर क्या-क्या करेंगे:** व्हाइट हाउस की प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी अन्ना केली के मुताबिक, ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। गुरुवार को उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित होगा, जिसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। कार्यक्रम में टेंपल ऑफ हेवन का दौरा और राजकीय भोज भी शामिल है। शुक्रवार को दोनों नेता एक बार फिर मुलाकात करेंगे, जहां चाय पर चर्चा और वर्किंग लंच का आयोजन होगा। अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि इस साल के अंत में शी जिनपिंग की अमेरिका यात्रा भी हो सकती है।

### ट्रंप की यात्रा क्यों है अहम?

ट्रंप की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें तेज हैं। दोनों देशों ने रविवार को घोषणा की कि चीन के उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग 12 और 13 मई को दक्षिण कोरिया में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अंतिम दौर की व्यापार वार्ता करेंगे। माना जा रहा है कि इन बातचीतों का मकसद ट्रंप की यात्रा से पहले व्यापारिक तनाव को कम करना है।

कहां होगा बातचीत का फोकस?

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि यह वार्ता दक्षिण कोरिया के बुसान में दोनों नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति और हालिया फोन बातचीत के आधार पर आगे बढ़ेगी। बातचीत में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर फोकस रहेगा।

### ताइवान का मुद्दा होगा अहम

इस बीच, ताइवान का मुद्दा भी ट्रंप-शी वार्ता के केंद्र में रहने वाला है। ट्रंप की यात्रा से पहले वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच ताइवान को लेकर लगातार चर्चा होती रही है, लेकिन अमेरिका की आधिकारिक नीति पहले जैसी ही बनी हुई है।

# हंतावायरस का खतरा बढ़ा: क्रूज जहाज पर एक व्यक्ति पॉजिटिव, 17 अमेरिकी यात्री विशेष विमान से लौटे

**वॉशिंगटन।** हंतायरस का खतरा बढ़ाता जा रहा है। डच क्रूज जहाज पर सवार दो लोग हंतावायरस पॉजिटिव पाया गए हैं। वहीं, 17 अमेरिकी यात्री को विशेष विमान से लौटे हैं।

डच क्रूज जहाज एमवी होंडियस सवार का दो यात्री हंतावायरस पॉजिटिव पाया गया है। यह जानकारी अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग ने दी। विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही बताया कि एमवी होंडियस पर मौजूद सभी 17 अमेरिकी नागरिकों को विशेष एयरलिफ्ट के जरिए अमेरिका लाया जा रहा है। एहतियातन संक्रमित और संदिग्ध यात्री को विमान के बायोकंटेनमेंट यूनिट में रखा गया है।




हर यात्री की चिकित्सकीय जांच होगी तय प्रोटोकॉल के अनुसार, यात्रियों को सबसे पहले नेब्रास्का के ओमाहा स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर/नेब्रास्का मेडिसिन के रीजनल इमर्जिंग स्पेशल पैथोजन ट्रीटमेंट सेंटर (आरईएसपीटीसी) ले जाया जाएगा। इसके बाद हल्के लक्षण वाले यात्री को उसके अंतिम गंतव्य के दूसरे आरईएसपीटीसी में स्थानांतरित किया जाएगा। विभाग के मुताबिक हर यात्री के पहुंचने पर उसकी चिकित्सकीय जांच होगी। वहीं, स्थिति अनुसार उचित इलाज और सहायता प्रदान की जाएगी। शनिवार तक इस प्रकोप से जुड़े आठ संदिग्ध मामले और तीन मौतें सामने आ चुकी थीं।

**दुर्लभ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है**

अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के मुताबिक, हंतावायरस का ऊष्मायन काल यानी संक्रमण से लक्षण दिखने तक का समय एक से आठ हफ्ते तक हो सकता है। यह वायरस आमतौर पर रोडेंट्स (चूहों आदि) से फैलता है। दुर्लभ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। संक्रमितों में मृत्यु दर एक-तिहाई से अधिक बताई जाती है। उधर, ब्रिटेन में भी एमवी होंडियस से निकाले गए 20 ब्रिटिश नागरिकों को रविवार को उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के एक अस्पताल में आइसोलेट किया गया। ये यात्री मैनचेस्टर पहुंचने के बाद बस से मसीसाइड के विराल स्थित एरो पार्क अस्पताल ले जाए गए, जहां उन्हें 72 घंटे तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा।

**हंतावायरस प्रकोप से बचने के लिए क्या कदम उठाया?**

यह आपात कदम एमवी होंडियस से जुड़े हंतावायरस प्रकोप के बाद उठाए गए हैं। इस बीच, ब्रिटेन सरकार ने दक्षिण अटलांटिक स्थित अपने दूरस्थ विदेशी क्षेत्र ट्रिस्टन दा कुन्हा में भी एक विशेष सैन्य और चिकित्सकीय दल भेजा है, जहां एक ब्रिटिश नागरिक में हंतावायरस की पुष्टि हुई है।

# पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा आठ महीने बाद जेल से रिहा, भ्रष्टाचार के मामले में ठहराए गए थे दोषी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को भ्रष्टाचार मामले में सजा काटने के बाद सोमवार को बैंकॉक की जेल से पैरोल पर रिहा कर दिया गया। 76 वर्षीय थाकसिन ने एक साल की सजा में से आठ महीने जेल में बिताए।

थाईलैंड की राजनीति में दशकों तक विवाद और ध्रुवीकरण का केंद्र रहे पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को आज बैंकॉक की जेल से रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में एक साल की सजा काट रहे 76 वर्षीय थाकसिन ने आठ महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उन्हें पैरोल पर रिहाई मिली।



बैंकॉक की क्लोंग प्रेम सेंट्रल जेल के बाहर उनके स्वागत के लिए करीब 300 समर्थक और राजनीतिक सहयोगी जुटे। थाकसिन सफेद पोलो टी-शर्ट और नीली पैंट में जेल से बाहर निकले, जहां उनके परिवार ने उन्हें गले लगाया। समर्थकों ने वी लव थाकसिन के नारे लगाए और उन्हें लाल गुलाब भेंट किए। हालांकि, उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।

### थाकसिन की राजनीतिक यात्रा और आरोप

थाकसिन शिनावात्रा दूरसंचार कारोबार से जुड़े अरबपति कारोबारी रहे हैं। उन्होंने 1998 में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई और 2001 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने। 2006 में सेना ने तख्तापलट कर उनकी सरकार को हटा दिया था। उस समय वह विदेश दौरे पर थे। इसके बाद थाई राजनीति लगभग दो दशकों तक गहरे राजनीतिक संघर्ष और ध्रुवीकरण का शिकार रही।

थाकसिन पर सत्ता के दुरुपयोग, अपने कारोबारी हितों को फायदा पहुंचाने और सरकारी लॉटरी परियोजना में अनियमितताओं के आरोप लगे थे। उन्हें अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया था। हालांकि, 2023 में वह स्वदेश लौटे और अदालत के सामने पेश हुए। शुरूआत में उन्हें आठ साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन बाद में थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने इसे घटाकर एक साल कर दिया। स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए थाकसिन को बैंकॉक के पुलिस अस्पताल के विशेष कक्ष में सजा काटने की अनुमति मिली थी। इस फैसले पर विरोधियों ने उन्हें विशेष सुविधा दिए जाने का आरोप लगाया। इसके बाद सितंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जेल में सजा पूरी करने का आदेश दिया था।

## होर्मुज में फिर बढ़ेगा तनाव: 'सीजफायर बहुत कमजोर स्थिति में'

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के शांति प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि सीजफायर बेहद कमजोर स्थिति में है और यह लाइफ सपोर्ट पर है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रहे संघर्ष विराम (सीजफायर) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह सीजफायर अब बहुत कमजोर स्थिति में है और लाइफ सपोर्ट पर टिका हुआ है। ट्रंप ने यह बयान उस समय दिया जब उनसे ईरान के साथ चल रही शांति प्रक्रिया और प्रस्ताव को लेकर सवाल पूछा गया था। ट्रंप ने ईरान के हालिया जवाब को खारिज करते हुए उसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रस्ताव को पढ़ा और वह बिल्कुल भी स्वीकार करने योग्य नहीं है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पर किसी तरह का दबाव नहीं है और देश पूरी जीत की ओर बढ़ रहा है।

# श्रीलंका में फिर महंगी हुई बिजली, साल में तीसरी बार बढ़े दाम

**कोलंबो।** दुनिया के अलग-अलग कोनों से आज मानवीय संकट, सैन्य चुनौतियों और बड़े कूटनीतिक बदलावों की खबरें सामने आ रही हैं। कहीं मानवाधिकारों के लिए संघर्ष तेज है, तो कहीं सरहदों और संसाधनों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अदालतों में कानूनी जंग छिड़ी हुई है। दुनिया भर की हर छोटी-बड़ी खबर पढ़ने के लिए जुड़े रहें अमर उजाला के साथ....



जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें तेहरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल में बेहोश होकर गिरने के बाद उनके परिवार ने लगातार उन्हें बेहतर इलाज दिलाने की मांग की थी, जिसके बाद प्रशासन ने जमानत पर उनकी सजा को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है। मोहम्मदी के फाउंडेशन का कहना है कि उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए केवल सजा का निलंबन काफी नहीं है, बल्कि उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख की जरूरत है। फाउंडेशन ने मांग की है कि उनकी 18 साल की बाकी सजा और सभी आरोपों को पूरी तरह से खत्म किया जाए ताकि उन्हें दोबारा जेल न लौटना पड़े।

मोरक्को में लापता अमेरिकी सैनिक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

मोरक्को में सैन्य अभ्यास के दौरान लापता हुए अमेरिकी सेना के अधिकारी फर्स्ट लेफ्टिनेंट केंड्रिक लेमोंट की तलाश का दुखद अंत हुआ है। उनका शव अटलांटिक महासागर के किनारे मिला। बताया जा रहा है कि केंड्रिक और उनके एक अन्य साथी छुट्टी के दौरान पहाड़ियों पर घूमने गए थे, जहां पैर फिसलने के कारण वे समुद्र में गिर गए थे। मोरक्को और अमेरिका की टीमें अभी भी लापता दूसरे सैनिक की तलाश में जुटी हैं। इस बड़े बचाव अभियान में 600 से अधिक जवान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन लगाए गए हैं। हालांकि अफ्रीकन लायन सैन्य अभ्यास खत्म हो चुका है, लेकिन अमेरिकी सेना की एक टुकड़ी अभी भी मोरक्को में तैनात है ताकि दूसरे सैनिक का पता लगाया जा सके।

**वेनेजुएला और गुयाना के बीच जमीनी विवाद पहुंचा संयुक्त राष्ट्र की अदालत, आज होगी सुनवाई**

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज अपनी टीम के साथ नीदरलैंड पहुंच गई हैं। वह अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में गुयाना के साथ चल रहे एसेकिबो क्षेत्र के विवाद पर अपना पक्ष रखेंगी। यह इलाका सोने, हीरे और तेल के विशाल भंडार से भरा हुआ है,

जिस पर दोनों पड़ोसी देश अपना हक जता रहे हैं। गुयाना चाहता है कि अदालत 1899 के उस फैसले को सही माने जिसने मौजूदा सीमा तय की थी, जबकि वेनेजुएला 1966 के एक समझौते का हवाला देकर उस फैसले को गलत बताता है। सोमवार को इस मामले की अंतिम सुनवाई होनी है, लेकिन अदालत का अंतिम फैसला आने में अभी कई महीनों का समय लग सकता है।

**फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों की केन्या यात्रा, नए संबंधों की शुरूआत**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपनी केन्या यात्रा शुरू कर दी है, जहां वह अफ्रीका फॉरवर्ड समिट में भाग लेंगे। इस शिखर सम्मेलन के जरिए फ्रांस अफ्रीका के साथ अपने पुराने औपनिवेशिक संबंधों को पीछे छोड़कर एक बराबरी की दोस्ती का संदेश देना चाहता है। पहली बार यह सम्मेलन किसी अंग्रेजी भाषी देश में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान फ्रांस और केन्या ने परमाणु ऊर्जा, परिवहन और कृषि जैसे क्षेत्रों में 11 बड़े निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दूसरी ओर, केन्या के विपक्षी नेताओं ने इस आयोजन की आलोचना की है। उनका कहना है कि केन्या में मानवाधिकारों और लोकतंत्र की स्थिति खराब है और यह सम्मेलन केवल एक दिखावा है।

भारतीय मूल के क्यू मणिवन्नन स्कॉटिश संसद सदस्य निर्वाचित

स्कॉटलैंड के संसदीय चुनाव में भारत में जन्मे मानवविज्ञानी क्यू मणिवन्नन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। खुद को नॉन-बाइनरी (लैंगिक पहचान में भ्रम) बताने वाले मणिवन्नन ने स्कॉटिश ग्रीन्स पार्टी के टिकट पर एडिनबर्ग और लोथियन ईस्ट से जीत हासिल की। तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन एक छात्र हैं। स्कॉटलैंड ने कम अवधि के वीजा वाले विदेशियों को भी चुनाव लड़ने की अनुमति दी है।

# पाकिस्तान में भीषण हादसा: गहरी खाई में गिरी वैन, 11 की मौत

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक दसड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। शादी समारोह में जा रहे लोगों से भरी वैन स्वात जिले के मलम जब्बा इलाके में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें 11 लोग मारे गए। वहीं, कई लोगों के घायल होने की खबर है। येलोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थे, तभी उनका वाहन गहरी खाई में जा गिरा। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




### कहां हुआ हादसा और कितने लोग मारे गए?

अधिकारियों के मुताबिक, यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले के एक मशहूर पर्यटन स्थल मलम जब्बा में हुआ। रेस्क्यू 112 के मुताबिक, हादसे में कई महिलाएं और बच्चे भी मारे गए। मृतकों में दूल्हे की मां भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक का नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वैन गहरी खाई में जा गिरी।

स्थानीय लोगों ने खुद शुरू किया बचाव अभियान

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने खुद ही बचाव अभियान शुरू कर दिया था। बाद में मेडिकल टीम और सरकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को सैदू शरीफ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचाव अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी और कठिन रास्तों की वजह से इस क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य करना काफी मुश्किल होता है। स्थानीय प्रशासन ने हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### आत्मघाती हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत

इससे एक दिन पहले इसी प्रांत के बन्नू जिले में एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट पर टकराई। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की मौत हुई और तीन अन्य जवान घायल हुए। बाद में अधिकारियों ने भी इस घटना की पुष्टि की। धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# वैशाली में झुग्गियों के पास लगी आग

## फायर टीम ने 100 झुग्गियां और ट्रांसफार्मर बचाए

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली में सोमवार दोपहर मैक्स हॉस्पिटल के पास झुग्गी-झोपड़ियों के नजदीक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग सूखी घास और झाड़ियों में तेजी से फैलने लगी।



आग बिजली घर सेक्टर-1 वैशाली के पास तक पहुंच गई, जहां बड़े ट्रांसफार्मर और कई मशीनें लगी हुई थीं। वहीं पास में बड़ी संख्या में झुग्गियां भी बनी हुई थीं, जिससे लोगों में डर का माहौल बन गया। घटना की जानकारी तुरंत फायर स्टेशन वैशाली और 112 कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई और कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फायर कर्मियों ने देखा कि आग घास-फूस और सूखी झाड़ियों में तेजी से फैल रही थी और झुग्गियों की तरफ बढ़ रही थी। टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और होज पाइप के जरिए आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने लगातार पानी डालकर आग को फैलने से रोका और आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया। काफी मशक्कत के बाद फायर टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। समय रहते की गई कार्रवाई से लगभग 100 झुग्गियों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। इसके अलावा, बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर और अन्य महत्वपूर्ण मशीनें भी सुरक्षित रहीं।

## वाहनों का शीशा तोड़ लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 31 लैपटॉप बरामद

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में रेस्टोरेंट, मॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी के 31 लैपटॉप, लैपटॉप बैग, चोरी में प्रयुक्त उपकरण, नकदी और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।



एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर ग्राम सोरखा से लविश कुमार पुत्र लाला सिंह, अंकित यादव पुत्र जिले सिंह और राजेन्द्र वर्मा पुत्र महावीर वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 31 चोरी के लैपटॉप, 3 लैपटॉप बैग, टॉर्च, शीशा तोड़ने वाली पोर्टेबल मशीन, एक हेल्थ कार्ड, 14 हजार रुपये नकद, फर्जी नंबर प्लेट और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात के समय चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर रेस्टोरेंट, मॉल और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते थे। पहले छोटी टॉर्च की मदद से वाहनों के अंदर रखे लैपटॉप बैग की पहचान करते, फिर पोर्टेबल मशीन से गाड़ी का शीशा तोड़कर कुछ ही सेकंड में लैपटॉप चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी किए गए लैपटॉप सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखते थे और मौका मिलने पर उन्हें बेच देते थे। चोरी से मिली रकम को आपस में बांटकर निजी खर्चों में इस्तेमाल करते थे। एडीसीपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में करीब 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

# नगर आयुक्त की बैठक, जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सख्त निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जन समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जलकल, निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान, संपत्ति, प्रकाश, टैक्स सहित सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने 311 एप्लीकेशन, आईजीआरएस, कॉल सेंटर, सोशल मीडिया और सीयूजी नंबरों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से जलकल, निर्माण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता को प्राथमिकता दें। उन्होंने मुख्य मार्गों की नियमित सफाई, सड़कों पर जमा धूल की सफाई और क्षेत्रीय स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं से फीडबैक लेना अनिवार्य होगा, ताकि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।नगर आयुक्त ने पार्कों की साफ-सफाई, फुटपाथों की मरम्मत और रखरखाव के कार्यों को सभी वार्डों में प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय निरीक्षण कर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव किए जाएं और यदि किसी कारणवश कॉल मिस हो जाए तो तुरंत कॉल बैक किया जाए। कॉल न उठाने की शिकायत पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

बैठक में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी और जोनल प्रभारी उपस्थित रहे।

# एलपीजी संकट के बीच पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने की अपील

## जिला पूर्ति अधिकारी ने दिए सुझाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और वैश्विक ऊर्जा संकट के असर अब घरेलू स्तर पर भी दिखाई देने लगे हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से गाजियाबाद में घरेलू और व्यावसायिक दोनों प्रकार के सिलेंडरों की कमी महसूस की जा रही है। कई क्षेत्रों में लोगों को सिलेंडर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी ने लोगों से पीएनजी गैस के अधिक उपयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि एलपीजी की तुलना में पीएनजी एक अधिक स्थिर और लगातार उपलब्ध रहने वाला विकल्प है, जिससे उपभोक्ताओं को आपूर्ति संबंधी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी माह तक शहर में लगभग तीन लाख पचास हजार घरेलू पीएनजी कनेक्शन थे, जो अब बढ़कर लगभग तीन लाख सत्तर हजार तक पहुंच चुके हैं। पिछले दो महीनों में लगभग बीस हजार नए कनेक्शन जोड़े गए हैं। इसके साथ ही व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन की मांग में भी तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने नागरिकों से यह भी अपील की कि जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है और वे साथ ही एलपीजी सिलेंडर भी उपयोग कर रहे हैं, वे अपने अतिरिक्त सिलेंडर गैस एजेंसियों में जमा करा दें ताकि जरूरतमंद लोगों को गैस उपलब्ध कराई जा सके।



उन्होंने कहा कि पीएनजी कनेक्शन उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक है क्योंकि इसमें गैस की आपूर्ति निरंतर बनी रहती है और सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होती।

प्रशासन का मानना है कि यदि अधिक लोग पीएनजी को अपनाते हैं तो एलपीजी की मांग पर दबाव कम होगा और आपूर्ति व्यवस्था बेहतर तरीके से संतुलित रह सकेगी।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल

## चार एडीसीपी और कई एसीपी के तबादले

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार शाम चार अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) और आधा दर्जन सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) के तबादले किए हैं। पुलिस विभाग में चर्चा है कि जल्द ही कुछ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया जा सकता है।



बताया जा रहा है कि अप्रैल माह में हुए श्रमिक हिंसक आंदोलन के दौरान कुछ अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर पुलिस आयुक्त नाराज थीं। इसके बाद विभागीय स्तर पर समीक्षा करते हुए यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि एडीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह को एडीसीपी सेंट्रल जेल नोएडा नियुक्त किया गया है। वहीं एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार पांडे को एडीसीपी ग्रेटर नोएडा बनाया गया है। इसके अलावा एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार को एडीसीपी मुख्यालय तथा एडीसीपी सेंट्रल जोन रहे आरके गौतम को एडीसीपी अपराध, पुलिस लाइन, मॉनिटरिंग सेल एवं आंकिक शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसीपी स्तर पर भी कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं।

एसीपी जितेंद्र कुमार सिंह को एसीपी सेंट्रल जोन-द्वितीय, एसीपी अनिल कुमार पांडे को एसीपी नोएडा-द्वितीय नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त एसीपी पवन कुमार को एसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा जोन, एसीपी शकील मोहम्मद को एसीपी ट्रैफिक जोन नोएडा एवं प्रोटोकॉल, एसीपी उमेश यादव को एसीपी ट्रैफिक सेंट्रल जोन तथा एसीपी राधा रमन सिंह को एसीपी ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ एसीपी अपराध की जिम्मेदारी दी गई है।

**अभिनंदन**



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी के लखनऊ आवास पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूलों का हार पहनाया और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस शिष्टाचार भेंट में क्षेत्र के विकास और राजनीतिक विषयों पर चर्चा भी हुई।

**बधाई**





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर उन्हें बधाई व शुभकामनायें दीं। प्रवीन चौधरी लखनऊ पहुंचे और यहां उन्होंने कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर मनोज पांडेय को भी बधाई और शुभकामनायें दीं। इस दौरानउनके साथ भाजपा नेता पंकज शर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पिज्जा बनाते समय थूक लगाने का वीडियो वायरल, कर्मचारी गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में एक पिज्जा दुकान के कर्मचारी द्वारा पिज्जा बनाते समय उस पर थूक लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर हिंदू संगठनों के लोगों ने थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया।



थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि 10 मई की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सेक्टर-22 स्थित एक पिज्जा दुकान में काम करने वाला कर्मचारी पिज्जा बनाते समय आपत्तिजनक कृत्य करता दिखाई दे रहा था।

पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और आरोपी मुजम्मिल पुत्र साकिर निवासी ग्राम गिझौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की उम्र 30 वर्ष है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# महिला से दुष्कर्म का प्रयास: विरोध करने पर बेटे संग महिला को पीटा, आरोपी फरार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के एक गांव में एक महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया गया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला और उसके चार वर्षीय बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति के बाहर होने के कारण अपने चार साल के बेटे के साथ घर पर अकेली थी। गांव के ही एक युवक ने दरवाजा खटखटाया और जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला, आरोपी जबरन घर में घुस गया।

आरोपी ने महिला को जबरन कमरे में खींच लिया और उसके कपड़े फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो युवक ने उसे और उसके बेटे को बुरी तरह पीटा। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। महिला ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद महिला अपने पति के साथ मोदीनगर थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। महिला ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है, जिसमें आरोपी भागता हुआ दिखाई दे रहा है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से कूदे व्यक्ति की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से सोमवार सुबह एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से नीचे छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना की सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, तीन शातिर पकड़े गए

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी के तीन ई-रिक्शा बरामद किए हैं। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित ककराना ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने एफएनजी गोलचक्कर के पास से अंकित यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, शिवम नागर पुत्र सुभाष चन्द्र और शशि भूषण ठाकुर पुत्र अशोक ठाकुर को गिरफ्तार किया।



पूछताछ के दौरान आरोपी अंकित यादव ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ई-रिक्शा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपियों की योजना चोरी किए गए ई-रिक्शाओं को एक-दो दिन के भीतर बेचने की थी।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी किए गए तीनों ई-रिक्शाओं की बैटरियां निकालकर राह चलते एक फेरी वाले को बेच दी थीं। उससे प्राप्त रकम को तीनों ने आपस में बराबर बांट लिया और खाने-पीने व घूमने-फिरने में खर्च कर दिया।

# मकान मुद्दे पर भाकियू के दो गुट आमने-सामने: नगरपालिका कार्यालय पर हंगामा, एक पक्ष गिराने तो दूसरा बचाने की मांग

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर स्थित ईदगाह कॉलोनी में एक मकान के मुद्दे पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के चढ़ूनी और टिकैत गुट आमने-सामने आ गए। दोनों गुटों के सदस्य नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और अपनी-अपनी मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया, जिससे कार्यालय का कामकाज बाधित हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया।



दरअसल, नगरपालिका ने ईदगाह कॉलोनी के इस मकान को अवैध घोषित करते हुए उसे हटाने की घोषणा की है। भाकियू चढ़ूनी गुट के सदस्य इस मकान को हटाने के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं, जबकि भाकियू टिकैत से जुड़े कुछ लोग इसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

सोमवार को भाकियू चढ़ूनी के प्रमोद त्यागी और टिकैत के वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 100 से अधिक लोग नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। दोनों पक्षों ने परिसर में बैठकर धरना दिया और नारेबाजी की। इस दौरान हुए हंगामे से कार्यालय का काम प्रभावित हुआ। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच में मकान अवैध तरीके से बना हुआ पाया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और कुछ लोग इस मामले में प्रभाव डालने का प्रयास कर रहे हैं।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।